

दिल्ली की मुख्यमंत्री और राज्य की वित्त मंत्री रेखा गुप्ता नई दिल्ली में बजट सत्र के दौरान दिल्ली विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए बजट पेश करती हुई।

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K K

RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-44 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) बुधवार 26 मार्च 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना


## संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान को सुनाई खरी-खरी, कहा- जम्मू-कश्मीर के अवैध कब्जे को छोड़ो




नईदिल्ली,(आरएनएस)। संयुक्त राष्ट्र में शांति स्थापना सुधारों पर हुई बहस के दौरान भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान को जम्मू-कश्मीर के बारे में उल्लेख करने पर खरी-खोटी सुनाई और उसे भारत का अभिन्न अंग बताया।संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को संबोधित करते हुए भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा बार-बार जम्मू-कश्मीर का उल्लेख करना अनुचित है। उन्होंने दृढ़ता से दोहराया कि यह क्षेत्र भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। भारतीय प्रतिनिधि हरीश ने कहा कि भारत यह जानने के लिए बाध्य है कि पाकिस्तान के प्रतिनिधि ने एक बार फिर भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पर अनुचित टिप्पणी की है।उन्होंने कहा, इस तरह के बार-बार उल्लेख न तो उनके अवैध दावों को मान्य करते हैं और न ही उनके राज्य प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद को उचित ठहराते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान का जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जा है, जिसे खाली करना होगा।हरीश ने कहा, हम पाकिस्तान को सलाह देंगे कि वह अपने संकीर्ण और विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए इस मंच का ध्यान भटकाने की कोशिश न करे।

भारत अधिक विस्तृत उत्तर देने के अधिकार का प्रयोग करने से परहेज करेगा। महीने की शुरूआत में पाकिस्तान की पूर्व विदेश सचिव तहमीना जंजुआ ने इस्लामोफोबिया से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस पर जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। अनौपचारिक सभा में उठाए गए मुद्दे पर भारत की कड़ी प्रतिक्रिया आई थी।

## सड़क दुर्घटनाओं के कारण जीडीपी में तीन प्रतिशत का नुकसान : नितिन गडकरी

नई दिल्ली, (आरएनएस)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि हम सड़क दुर्घटनाओं के कारण देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में तीन प्रतिशत का नुकसान हो रहा है। नितिन गडकरी ने राष्ट्रीय राजधानी में सड़क सुरक्षा के लिए तकनीकी हस्तक्षेप भारत-अमेरिका साझेदारी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाएं हमारी सबसे बड़ी समस्याओं में से एक हैं। हर साल देश में 4,80,000 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिसमें 1,88,000 लोगों की मौत होती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, जान गंवाने वाले लोगों में 18 से 45 वर्ष की आयु के 66 प्रतिशत लोग होते हैं। युवा, प्रतिभाशाली, इंजीनियरिंग स्नातक, मेडिकल छात्रों के नाम भी इस लिस्ट में शामिल हैं। वहीं, 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का यह आंकड़ा 10,000 है। अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं स्कूलों के आसपास वाले इलाकों में होती हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा एक बड़ा मुद्दा है।



## राज्य सरकार हर कदम-हर समय नागरिकों के साथ खड़ी है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### कुष्ठ आश्रम पहुंच कर कुष्ठ रोगियों का अभिवादन कर प्राप्त किया उनका आशीर्वाद
### मुख्यमंत्री ने कुष्ठ रोगियों के साथ मनाया अपना जन्मदिन



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुष्ठ रोगियों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गांधीनगर स्थित महात्मा गांधी कुष्ठ आश्रम पहुंच कर कुष्ठ रोगियों पर पुष्प वर्षा के साथ अभिवादन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुष्ठ रोगियों को भोजन परोसा तथा फल, खाद्य सामग्री, वस्त्र और दैनिक उपयोग की सामग्री भेंट की। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक रामेश्वर शर्मा, वरिष्ठ प्रतिनिधि राहुल कोठारी,समाज सेवी तथा कुष्ठ रोगियों के परिजन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्रम में उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि राज्य सरकार नागरिकों के हर प्रकार के कष्ट में साथ खड़ी है। ऐसे लोगों के बीच आकर एक प्रकार से आत्मीय सुख प्राप्त होता है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश को विकास के पथ पर अग्रसर रखते हुए आगे लेकर जाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में बड़ा निवेश मिला है और सरकार ने संभागीय स्तर पर औद्योगिक ईकाइयों के भूमि-पूजन की शुरुआत कर दी है। पहले भिंड, मुरैना और ग्वालियर में 18 औद्योगिक ईकाइयों के भूमि-पूजन किया। बुधवार को भी उज्जैन में विभिन्न औद्योगिक ईकाइयों का भूमि-पूजन हो रहा है।

## कूनो से बाहर निकले 5 चीते, बछड़े पर झपट्टा; ग्रामीणों ने भांजी लाठियां, पत्थर भी मारे

श्योपुर (आरएनएस)। कूनो नेशनल पार्क से बाहर निकले पांच चीतों पर ग्रामीणों ने बर्बरता दिखाते हुए लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया। इस घटना का एक हृदयविदारक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वन विभाग की रेस्क्यू टीम ग्रामीणों को चीतों से दूर रहने की गुहार लगाती नजर आ रही है, लेकिन आक्रोशित ग्रामीण उनकी बात सुनने को तैयार नहीं थे। यह घटना सोमवार को घटित हुई।जानकारी के अनुसार, एक महीने पहले खुले जंगल में छोड़ी गई मादा चीता ज्वाला और उसके चार शावक शनिवार शाम को पहली बार पार्क की सीमा से बाहर निकल आए थे। रविवार दोपहर तक ये चीते वापस कूनो के जंगल में लौट गए थे, लेकिन रविवार रात को वे वीरपुर तहसील के ग्राम श्यामपुर के पास फिर से देखे गए। ये चीते निर्माणाधीन श्योपुर-ग्वालियर ब्रॉडगेज रेल ट्रैक से लगभग 1 किलोमीटर की दूरी पर थे।सोमवार सुबह ये पांचों चीते कूनो सायफन के पास से होते हुए कूनो नदी पहुंचे और निर्माणाधीन रेलवे पुल के नीचे काफी देर तक बैठे रहे। इस दौरान, कूनो सायफन से गुजर रहे राहगीरों की भारी भीड़ चीतों को देखने के लिए जमा हो गई। जब मादा चीता और उसके शावक एक-एक करके रास्ता पार कर रहे थे, तभी मादा चीता ने एक गाय पर झपट्टा मार दिया।गाय पर चीते के हमले के बाद ग्रामीण गुस्से में लाठी-डंडे लेकर दौड़े और उन्होंने चीतों पर पत्थर मारना शुरू कर दिया। मादा चीता ज्वाला काफी देर तक गाय का गला पकड़े रही, लेकिन जैसे ही उसे पत्थर लगा, उसने गाय को छोड़ दिया और अपने शावकों के साथ वहां से भाग निकली। घटना के बाद, लगभग 10 बजे चीता दल कूनो पुल क्षेत्र से निकलकर वीरपुर के तिललिडेररा क्षेत्र में पहुंच गया।

## लोकसभा में पास हुआ फाइनेंस बिल 2025



नई दिल्ली,(आरएनएस)। लोकसभा में मंगलवार को फाइनेंस बिल 2025 पास हो गया। इसमें 35 सरकारी संशोधन शामिल हैं। केंद्रीय बजट 2025-26 के प्रस्तावों को लागू करने के लिए यह एक अहम प्रक्रिया है।फाइनेंस बिल 2025 पर हुई डिबेट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 में करदाताओं को बड़ी राहत दी गई है। इसका उद्देश्य घरेलू स्तर पर उत्पादन बढ़ाना और निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है।वित्त मंत्री ने फाइनेंस बिल पर चर्चा के दौरान टैरिफ को युक्तिसंगत बनाने और घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किए गए परिवर्तनों पर प्रकाश डाला।वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि 2025-26 के बजट प्रस्तावों से घोषित सीमा शुल्क के युक्तिकरण की कार्यवाही आगे बढ़ रही है।घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए, सरकार ने ईवी बैटरी के लिए 35 अतिरिक्त कैपिटल गुड्स और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के लिए 28 वस्तुओं को सीमा शुल्क से छूट दी है। अब बजट को लोकसभा ने मंजूरी दे दी है, इसे राज्य सभा में चर्चा के लिए रखा जाएगा। हालांकि,उच्च सदन के पास बजट पर मतदान करने का अधिकार नहीं है और वह किसी भी प्रस्ताव को अस्वीकार नहीं कर सकता है।इसके अलावा, वित्त मंत्री ने कहा कि नया इनकम टैक्स बिल संसद के अगले सत्र यानी मानसून सत्र में पेश किया जाएगा और यह इनकम टैक्स एक्ट 1961 की जगह लेगा।वित्त मंत्री ने आगे कहा कि आम बजट में वित्त वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 4.4 प्रतिशत रखा गया है, जो कि वित्त वर्ष 2024-25 में 4.8 प्रतिशत था।

## आरजी कर रेप मर्डर केस में सीबीआई का बड़ा खुलासा, मौत से पहले मानसिक तनाव में थी डॉक्टर

कोलकाता (आरएनएस)। आरजी कर अस्पताल में बलात्कार और हत्या की शिकार 30 वर्षीय महिला डॉक्टर, अपनी मौत से पहले लंबे समय से मानसिक तनाव से जूझ रही थी. मनोचिकित्सक मोहित रणदीप के अनुसार, उन्होंने अपनी मौत से लगभग एक महीने पहले, 9 जुलाई 2024 को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी पेशेवर मदद मांगी थी. रणदीप का दावा है कि पीड़िता कई वजहों से मानसिक रूप से परेशान थी और तनाव का उनके जीवन पर गहरा असर पड़ रहा था. मनोचिकित्सक ने खुलासा किया कि महिला डॉक्टर को अस्पताल में लंबे समय तक ड्यूटी करनी पड़ती थी, जिससे उनकी मानसिक स्थिति नकारात्मक रूप से प्रभावित हो रही थी. इसके अलावा, शिफ्टों के बंटवारे में भेदभाव की शिकायतें भी थीं. सरकारी अस्पताल में मौजूद अनियमितताओं के बारे में जानकारी होने की वजह से वह और ज्यादा मानसिक दबाव में आ गई थी।

## लू को लेकर मौसम विभाग का अलर्ट, मार्च-मई के बीच 30 दिन चलेगी गर्म हवा

नईदिल्ली, (आरएनएस)। गर्मी का मौसम शुरू हो गया है और जल्द ही गर्म हवाओं का दौर शुरू हो जाएगा। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने इसको लेकर अलर्ट जारी कर दिया है। आईएमडी के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में दिल्ली और आसपास के अलावा मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में तापमान 2 से 3 डिग्री अधिक हो जाएगा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मार्च से मई के बीच 30 से 35 दिन तक लू चलने की संभावना है।राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अधिकतम तापमान भले ही 36 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री के आसपास हो, लेकिन गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र में अधिकतम तापमान 40 डिग्री को पार कर गया है। गुजरात के अहमदाबाद, गांधीनगर, राजकोट में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 4 डिग्री अधिक 40 से 41 डिग्री सेल्सियस के बीच है।राजस्थान के बाड़मेर, जैलसमेर और महाराष्ट्र के नंदुरबार और अकोला में अधिकतम तापमान 40 से 41 डिग्री सेल्सियस है।



## ट्रेनों में महिलाओं पर तीसरी आंख से रखी जाएगी नजर, सुरक्षा के मद्देनजर उठाया गया बड़ा कदम

नई दिल्ली,(आरएनएस) सिकंदराबाद से मेडचल जा रही एक महिला द्वारा कथित यौन उत्पीड़न से बचने के लिए मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम ट्रेन (एमएमटीएस) से कूदने की घटना के बाद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस महिला यात्रियों के लिए स्टेशनों और ट्रेनों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर रही है. जिसके तहत वे एमएमटीएस ट्रेनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने और ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए एक सुरक्षा ऐप विकसित करने की भी योजना बना रहे हैं.आरपीएफ के एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि आरपीएफ और जीआरपी दोनों जोन के सुरक्षा कर्मी सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर रहे हैं और ट्रेनों में बेहतर सुरक्षा देने का भी प्रयास कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि दोनों जोन में कर्मचारियों की कमी है, जिससे आरपीएफ प्रत्येक एमएमटीएस ट्रेन के कोच में सुरक्षा कर्मियों को तैनात नहीं करता है.

## कठुआ में तीसरे दिन भी सेना का ऑपरेशन जारी, हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद

कठुआ,(आरएनएस) जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर के सानियाल और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बलों का आतंकियों के खिलाफ अभियान तीसरे दिन भी जारी है. सुरक्षा बल, जिनमें सेना, पुलिस स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप और अन्य सुरक्षा बल शामिल हैं, 5 से 6 आतंकियों की तलाश में कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं.इस ऑपरेशन की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड को भी शामिल किया गया है. सूत्रों के अनुसार, आतंकियों ने अपने ठिकाने बदले हैं, लेकिन सेना के जवान पूरे इलाके को घेरे हुए हैं और उन्हें पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं.

यह अभियान रविवार शाम 6:30 बजे हीरानगर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद शुरू हुआ था. लगभग तीन घंटे तक चली यह मुठभेड़ कम दृश्यता के कारण रोक दी गई थी. सुबह होते ही ऑपरेशन फिर से शुरू हुआ और आज यह तीसरे दिन भी जारी है. इलाके में सुरक्षाबलों की तैनाती बढ़ा दी गई है, जो आतंकियों को पकड़ने के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ना चाहते.



सुरक्षाबलों को अंतर्राष्टीय सीमा से लगभग 5 किलोमीटर दूर सान्याल गांव में 4-5 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी. इसके बाद इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया गया. बताया जा रहा है कि आतंकियों ने एक पति-पत्नी को बंधक बना लिया था. मौका मिलने पर महिला भागने में सफल रही, हालांकि आतंकियों ने उसे गोली मारने की धमकी दी. महिला के भागने के बाद, उसका पति भी आतंकियों के चंगुल से भाग निकला. इस घटना में एक बच्ची को मामूली चोटें आई हैं.इस पूरे ऑपरेशन को जम्मू कश्मीर पुलिस के डीजीपी नलिन प्रभात स्वयं ग्राउंड से मॉनिटर कर रहे हैं, वे खुद भी जवानों के साथ इस ऑपरेशन में शामिल हुए हैं. ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है.।

## बदले की आग में झोंका कानून : प्रेमी संग फरार विवाहिता के घरवालों ने बुलडोजर से तोड़ा बीएफ का घर; 6 अरेस्ट



भरूच ,(आरएनएस)। गुजरात के भरूच जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक विवाहित महिला के कथित तौर पर एक युवक के साथ भाग जाने से नाराज छह लोगों ने कानून को अपने हाथ में लेते हुए आरोपी युवक और उसके रिश्तेदारों के घरों पर बुलडोजर चला दिया। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

भरूच जिले के वेदाच पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर बीएम चौधरी ने बताया कि महिला के परिवार के सदस्यों सहित आरोपियों को शक था कि फुलमाली समुदाय का एक युवक उनकी रिश्तेदार को भगाकर ले गया है। इसी गुस्से में उन्होंने बुलडोजर का इस्तेमाल कर कथित आरोपी और उसके संबंधियों के छह घरों को तोड़ दिया। आरोपियों में महिला का पति भी शामिल है, जिसे संदेह है कि उसकी पत्नी दूसरे समुदाय के व्यक्ति के साथ भागी है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 21 मार्च को जिले के करेली गांव में हुई।

अधिकारी ने जानकारी दी कि 21 मार्च की रात को आरोपियों ने बुलडोजर से छह घरों को मलबे में तब्दील कर दिया, जिनमें उस युवक का घर भी शामिल था जिस पर महिला के साथ भागने का संदेह है। इसके बाद पुलिस ने बुलडोजर चालक समेत छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर चौधरी ने बताया कि महिला आणंद जिले के अंकलाव तालुका में अपने माता-पिता से मिलने गई थी, जहां से वह और युवक कथित तौर पर फरार हो गए।

पुलिस अधिकारी ने यह भी बताया कि महिला के माता-पिता ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है और आणंद पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। शिकायत के अनुसार, हेमंत पढियार, सुनील पढियार, बलवंत पढियार, सोहम पढियार और चिराग पढियार सहित आरोपी युवक के घर गए थे और उसके परिवार के सदस्य पर महिला को भगाने का आरोप लगाते हुए उसे दो दिनों के भीतर पेश करने की धमकी दी थी। 21 मार्च की रात करीब 9 बजे आरोपी बुलडोजर लेकर युवक के घर पहुंचे और शेड व शौचालय सहित मकान के कई हिस्सों को गिराना शुरू कर दिया। एफआईआर के मुताबिक, उन्होंने इलाके के छह घरों के हिस्सों को नुकसान पहुंचाया। अगले दिन युवक की मां ने वेदाच पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## सुप्रीम कोर्ट ने उन्नाव रेप पीड़िता की सीआरपीएफ सिक्योरिटी वापस लेने से किया इनकार

नई दिल्ली, (आरएनएस) सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उन्नाव रेप पीड़िता की सीआरपीएफ सुरक्षा वापस लेने से इनकार कर दिया. यह मामला जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पी बी वराले की पीठ के समक्ष आया. मामले में दोषसिद्धि होने का हवाला देते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता ऐश्वर्या भाटी ने सीआरपीएफ सुरक्षा वापस लेने की अनुमति मांगी.पीठ ने कहा कि अभी भी खतरे की आशंका है और रेप पीड़िता की सीआरपीएफ सुरक्षा वापस नहीं ली जा सकती. हालांकि, पीठ ने यह देखते हुए कि दोषसिद्धि पहले ही हो चुकी है, उसके परिवार के सदस्यों और अन्य गवाहों को दी गई सीआरपीएफ सुरक्षा वापस लेने पर सहमति जताई.पीठ ने यह स्पष्ट किया कि अगर परिवार के सदस्यों और अन्य गवाहों को अभी भी कोई खतरा महसूस होता है तो वे स्थानीय पुलिस से संपर्क करने के लिए स्वतंत्र हैं. पीठ ने कहा, हमारा मानना है कि इस अदालत संबंधित व्यक्तियों की प्रासंगिक समय पर दी गई सुरक्षा जारी नहीं रखी सकती, क्योंकि मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है. हालांकि, हम यह स्पष्ट करते हैं कि पीड़ित के लिए सीआरपीएफ कवर इस अदालत के अगले आदेश तक जारी रहेगा. केंद्र सरकार ने 2019 में अदालत के आदेश के बाद उन्हें प्रदान की गई सीआरपीएफ सुरक्षा वापस लेने की मांग करते हुए याचिका दायर की थी. बता दें कि उत्तर प्रदेश के उन्नाव में 2017 में नाबालिग लड़की से बलात्कार के आरोप में निष्कासित भाजपा नेता कुलदीप सिंह सेंगर जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं.

## आपदा प्रबंधन में किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं, 10 सालों में बेहतरी काम हुआ

### -संसद में बोले गृह मंत्री अमित शाह



नई दिल्ली (आरएनएस)। आपदा प्रबंधन में आर्थिक सहायता देने में कुछ राज्यों के साथ भेदभाव के विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में दावा किया कि पिछले दस साल में भारत आपदा प्रबंधन के मामले में राष्ट्रीय ही नहीं क्षेत्रीय एवं वैश्विक ताकत बनकर उभरा है तथा इसे दुनिया भी यह स्वीकार कर रही है.उच्च सदन में शाह ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इसमें सत्ता के केंद्रीयकरण का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है. उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन के बारे में इस विधेयक में न केवल प्रतिक्रियात्मक रवैया अपनाने बल्कि पहले से तैयारी करने, अभिनव प्रयासों वाले और सभी की भागीदारी वाले रवैये को अपनाने पर जोर दिया गया है.

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपदा के जोखिमों को घटाने के लिए विश्व के समक्ष जो 10 सूत्री एजेंडा रखा है, उसे 40 देशों ने अपना लिया है और उसका पालन कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि विधयक में न केवल राज्य सरकारों बल्कि आम लोगों की भागीदारी का प्रावधान किया गया है.शाह ने कहा, ''पिछले दस सालों में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में जो परिवर्तन आया है, हम राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ क्षेत्रीय एवं वैश्विक ताकत बनकर उभरे हैं, यह पूरी दुनिया स्वीकार करती है. भारत की सफलता गाथा को लंबे समय तक बनाये रखने के लिए यह विधेयक लाया गया है.'' उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह सफलता गाथा सरकार की नहीं पूरे देश की है.शाह ने कहा कि आपदा प्रबंधन की लड़ाई संस्थाओं को अधिकार संपन्न बनाने के साथ-साथ जवाबदेह बनाये बिना नहीं लड़ी जा सकती है.





# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नवाचारों से बेहतर हुआ प्रदेशवासियों का जीवन : प्रधानमंत्री श्री मोदी

## केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह, केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और संगठन पदाधिकारियों ने दी बधाई

भोपाल (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को उनके जन्म दिवस की बधाई देते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा किए गए नवाचारों से प्रदेशवासियों का जीवन बेहतर हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यही कामना है कि ईश्वर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को दीर्घ और स्वस्थ जीवन प्रदान करें और वे जन सेवा में इसी प्रकार निरंतर सक्रिय रहे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की डबल इंजन सरकार विकास और सुशासन के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने बाबा महाकाल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन की मंगलकामना की है। केंद्रीय कृषि मंत्रीशिवराज सिंह चौहान ने अपने बधाई संदेश में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास और उन्नति के नव शिखर को स्पर्श करे, यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित केंद्रीय मंत्रीगण का आभार माना।



मुख्यमंत्री ने सपरिवार पूजा-अर्चना और गौमाता की सेवा कर की दिन की शुरूआत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सहित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री ने बधाई दी। मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा, हितानंद शर्मा सहित कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और संगठन पदाधिकारी ने जन्म दिवस की बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के जन्म दिवस पर मुख्यमंत्री निवास पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं राजेंद्र शुक्ल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, गोविंद सिंह राजपूत, विश्वास सारंग, एंदल सिंह कंषाना,इंदर सिंह परमार, राकेश शुक्ला, श्रीमती कृष्णा गौर, धर्मेंद्र सिंह लोधी, विधायकगण, मुख्य सचिवअनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, आयुक्त जनसंपर्क डॉ. सुदाम खाड़े सहित वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं, सामाजिक और स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा, मिष्ठान वितरण और वाद्ययंत्रों के माध्यम से अपनी प्रसन्नता और उत्साह का प्रकटीकरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को गदा और कृपाण भी भेंट की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को कार्यकर्ताओं ने विशाल पुष्प हार पहनाकर जन्म दिन की बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिन की शुरुआत मुख्यमंत्री निवास स्थित मंदिर में सपरिवार पूजा अर्चना कर की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवास स्थित गौशाला में सर्व सुखदायिनी गौ माता की सेवा कर प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए प्रार्थना की तथा विकसित मध्यप्रदेश के सभी संकल्प पूर्ण करने के लिए गौ माता से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया जनसंपर्क विभाग के मोबाइल ऐप का लोकार्पण

### सरकार की नीतियों, योजनाओं और समाचारों की त्वरित व सटीक जानकारी सीधे मोबाइल पर होगी प्राप्त



भोपाल ( निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में जनसंपर्क विभाग द्वारा विकसित मोबाइल ऐप का लोकार्पण किया। इस ऐप से प्रदेशवासियों को सरकार की नीतियों, योजनाओं और महत्वपूर्ण समाचारों की त्वरित व सटीक जानकारी सीधे मोबाइल पर ही प्राप्त हो सकेगी। मोबाइल ऐप पर समाचार, फोटो गैलरी, वीडियो गैलरी, मंत्री परिषद के निर्णय, आलेख, विभिन्न विभागों की वेबसाइट के लिंक, जिलों के समाचार तथा मंत्रिमंडल के सदस्यों, कमिश्नर और कलेक्टर की सूची आसानी से प्राप्त हो सकेगी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े, संचालक जनसम्पर्क अंशुल गुप्ता तथा सोशल मीडिया विशेषज्ञ उपस्थित थे।आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. खाड़े ने अवगत कराया कि जनसम्पर्क विभाग के पोर्टल mpinfo.org का Android Based मोबाइल ऐप तैयार किया गया है। मोबाइल ऐप में मुख्यमंत्री के लाइव कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण देखा जा सकेगा। मुख्यमंत्री एवं मंत्रीगण से जुड़े समाचार सिंगल क्लिक पर ऐप में उपलब्ध होंगे।

## विक्रांत भूरिया पर कांग्रेस का विश्वास, अहमदाबाद अधिवेशन से पहले सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

भोपाल(आरएनएस)। झाबुआ विधायक विक्रांत भूरिया को कांग्रेस ने एक और अहम जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें अहमदाबाद अधिवेशन की ड्राफ्टिंग कमेटी का सदस्य बनाया गया है। इसे लेकर आदेश जारी कर दिया गए है। निवेश प्रस्तावों पर अमल शुरू: 27 इकाइयों में 1127 करोड़ का होगा निवेश, साढ़े 4 हजार से ज्यादा लोगों को मिलेगा रोजगार महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कल देर रात आदेश जारी किया है। 15 सदस्यीय ड्राफ्टिंग कमेटी में छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, जयराम रमेश, पी एल पुनिया, सचिन पायलट जैसे कद्दावर नेता हैं। उन सबके बीच विक्रांत भूरिया का भी नाम शामिल है। रणदीप सुरजेवाला इस कमेटी के संयोजक हैं।

9 अप्रैल को एआईसीसी का अधिवेशन होना है। इस अधिवेशन को लेकर पार्टी ने अलग-अलग समितियों का गठन किया है। गौरतलब है कि विक्रांत भूरिया को यह दूसरी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष के बाद महत्वपूर्ण कमेटी में शामिल किया गया है। इसी साल 11 फरवरी को भूरिया को कांग्रेस आदिवासी विभाग का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था।

## भोपाल में पत्रकार के खिलाफ एफआईआर को गलत बताते हुए पत्रकारो ने किया धरना-प्रदर्शन



भोपाल(ए)। राजधानी भोपाल में पत्रकार कुलदीप सिंगरोलिया के खिलाफ दर्ज किये गये मारपीट और अड़ीबाजी के मामले को गलत बताते हुए जहॉं कटारा हिल्स थाने में शहर के कई पत्रकारों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया वहीं पीएचक्यू पहुंचकर दर्ज प्रकरण को गलत बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। जानकारी के मुताबिक शेख अकील ने 20 मार्च को टीला जमालपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, कि एक सफेद बोलेरो गाड़ी ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। इसके बाद गाड़ी में सवार कुछ लोगों ने उन्हें गाड़ी में हुए नुकसान की भरपाई के लिये धमकाते हुए 50 हजार रुपए देने की मांग कर मारपीट की। यह मामला कुलदीप सिसोदिया के नाम पर दर्ज था। पत्रकारों का आरोप है कि एफआईआर में पत्रकार कुलदीप सिंगरोलिया का नाम दर्ज किया गया, कुलदीप सिंगरोलिया के पास ना तो वह गाड़ी है, और ना ही वे घटनास्थल पर मौजूद थे। मामले की जानकारी लगते ही कुलदीप के समर्थन में कई पत्रकार रात को ही कटारा हिल्स थाने पहुंच गये और वही पर धरना दे दिया। समर्थकों का आरोप था कि पुलिस ने बिना ठोस सबूत के उन्हें आधी रात को गिरफ्तार किया।



उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में मंत्रालय में मप्र हिंदी ग्रन्थ अकादमी के कार्यसमिति एवं प्रबंधक मंडल की बैठक हुई।

## महापौर श्रीमद् भागवत कथा में हुई सम्मिलित

भोपाल (आरएनएस)। महापौर मालती राय बावड़िया कला स्थित गौरव ग्रीन्स गार्डन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में सम्मिलित हुई और व्यास पीठ की पूजा अर्चना कर महाराज श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया।

महापौर मालती राय सोमवार को बावड़िया कला स्थित गौरव ग्रीन्स गार्डन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में सम्मिलित हुई और कथा का श्रवण किया। महापौर राय ने व्यास पीठ की विधिवत पूजा अर्चना कर महाराज श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## भोपाल में दत्तक ग्रहण विनियम-2022 पर दो दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम

भोपाल (आरएनएस)। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण और महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में पलाश होटल, भोपाल में दत्तक ग्रहण विनियम 2022 पर दो दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 एवं 26 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम बच्चों के कानूनी और नैतिक रूप से गोद लेने की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रशिक्षण के पहले दिन जिलों के प्रतिनिधि एस.जे.पी.यू के अधिकारी, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष, जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी, विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण एवं बाल गृह के अधीक्षक/प्रबंधक शामिल हुए। प्रशिक्षण के दूसरे दिन 26 मार्च को शेष जिलों के प्रतिभागी शामिल होंगे।महिला एवं बाल विकास मंत्री, श्रीमती निर्मला भूरिया ने वीडियो संदेश के माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने बच्चों के एडॉप्शन से जुड़ी संवेदनाओं को समझने और इस प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बच्चों के दत्तक ग्रहण से जुड़ी प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल गोद लेने की प्रक्रिया को सरल और सुरक्षित बनाया जाएगा, बल्कि बच्चों को एक उज्जवल भविष्य भी मिलेगा।

### गोद लेने की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने पर जोर

आयुक्त महिला एवं बाल विकास श्रीमती सूफिया फारुकी वली ने कहा कि विभाग दत्तक ग्रहण विनियम-2022 के तहत बच्चों के स्थायी पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि卐नैतिक और कानूनी तरीके से गोद लेना बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। यह न केवल बच्चों को एक सुरक्षित और प्यार भरा घर देता है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाता है। पारदर्शिता और कानूनी प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है।卐 दत्तक माता-पिता के घरों का समुचित निरीक्षण, उनकी क्षमता का मूल्यांकन और सत्यापन बेहद जरूरी है, इससे बच्चों को सही परिवार मिले।प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएआरए की सहायक संचालक सुश्री रूपांशी पांडेय, श्री सुमित भार्गव (जूनियर प्रोफेशनल), राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान, सीहोर के डॉ. एस. नित्यानंदा (सहायक प्राध्यापक), डॉ. कृपाशंकर चौबे (सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड, भोपाल) ने प्रतिभागियों को विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

### दत्तक ग्रहण विनियम-2022, बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

केन्द्र सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा अधिसूचित दत्तक ग्रहण विनियम-2022 का उद्देश्य भारत में गोद लेने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना और अधिक बच्चों को परिवार का प्यार एवं संरक्षण उपलब्ध कराना है। यह नियम किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम-2015 के तहत लागू किए गए हैं, जो अनाथ, परित्यक्त या अभ्यर्पित बच्चों के पुनर्वास के लिए दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देते हैं। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण भारत में दत्तक ग्रहण की पूरी प्रक्रिया का विनियमन, पर्यवेक्षण और प्रोत्साहन करने वाली संस्था है। जो भी दत्तक माता-पिता कानूनी रूप से बच्चा गोद लेना चाहते हैं, उन्हें सीएआरए के माध्यम से आवेदन करना होता है।

## मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम बना पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिये नोडल एजेंसी

भोपाल (आरएनएस)। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम को राज्य में रूफटॉप सोलर (आरटीएस) अपनाने को बढ़ावा देने के लिए नोडल एजेंसी नामित किया गया है। यह एजेंसी राज्य की बिजली वितरण कंपनियों - म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर, म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, भोपाल, और म.प्र.पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, इंदौर की ओर से योजना के कार्यान्वयन की निगरानी करेगी।

### नोडल एजेंसी के रूप में म.प्र. ऊर्जा विकास निगम के दायित्व

नोडल एजेंसी के रूप में मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम को राज्य में रूफटॉप सोलर कार्यक्रम और योजना का क्रियानवयन करने, सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के तहत विक्रेताओं का पंजीकरण और प्रबंधन, उपभोक्ताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए राज्यव्यापी जागरूकता और प्रचार योजना का क्रियान्वयन, डिस्कॉम, विक्रेताओं और उपभोक्ताओं सहित हितधारकों के लिए क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, और केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और डिस्कॉम के बीच समन्वय सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। इससे पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनाका सुचारू रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सकेगा।एमपी ऊर्जा विकास निगम को केन्द्रीय नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुरूप योजना को समयबद्ध और सुचारू रूप से लागू करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। सभी संबंधित विभागों, एजेंसियों और डिस्कॉम को एमपी ऊर्जा विकास निगम को पूर्ण सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।





## अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का राज्य स्तरीय सम्मेलन 26 मार्च को समन्वय भवन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे शुभारंभ

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 26 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का राज्य स्तरीय सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। सम्मेलन अपेक्स बैंक परिसर स्थित समन्वय भवन में भोपाल में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। इस मौके पर अपर सचिव सहकारिता एवं प्रशासक अपेक्स बैंक अपर प्रमुख सचिव अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी उमाकांत उमराव, प्रमुख सचिव मत्स्य पालन डी.पी. आहूजा उपस्थित रहेंगे। प्रबंध संचालक अपेक्स बैंकमनोज कुमार गुप्ता ने बताया है कि सम्मेलन में राज्य सहकारी विपणन संघ के प्रबंध संचालक आलोक कुमार सिंह, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं मनोज पुष्प और नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल की मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती सी. सरस्वती मौजूद रहेंगी।

## स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह को बाल चित्रकार ने भेंट किया उनका चित्र

भोपाल(ए)। प्रदेश की उभरती हुई बाल चित्रकार सुश्री शीतल गुप्ता ने स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह को उनका चित्र सोमवार को उनके भोपाल स्थित निवास पर पहुँचकर भेंट किया। स्कूल शिक्षा मंत्री ने सुश्री शीतल की अद्भुत कला प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कला न केवल प्रदेश, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है। महज 6 वर्ष की उम्र से चित्रकला में रुचि रखने वाली भोपाल की शीतल अब तक 175 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी हैं। उनकी कलाकृतियाँ जीवंतता के लिए जानी जाती हैं। इससे पहले उन्होंने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, प्रदेश की पूर्व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सहित कई गणमान्य व्यक्तियों को उनके चित्र भेंट किए हैं। उनकी इस उपलब्धि को हर स्तर पर सराहा गया है।

## डॉक्टर रिचा पाडे खुदकुशी मामले में पति डॉ. अभिजीत पर केस दर्ज

### प्रेमिका को लेकर पति से होती थी अनबन, दुखी होकर लगा लिये थे एनेस्थीसिया के इंजेक्शन



भोपाल(ए)। शहर के शाहपुरा थाना इलाके में रहने वाली डॉक्टर रिचा पांडे द्वारा आत्महत्या किये जाने के मामले में पुलिस ने उनके पति अभिजीत पांडे के खिलाफ प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है। मृतका रिचा पांडे के परिवार वालो के बयान दर्ज किए गए जिसमें परिवार ने अभिजीत पर रिचा को प्रताड़ित करने सहित उसके कैरेक्टर को लेकर भी आरोप लगाये थे। पुलिस ने परिवार वालो के बयान सहित अन्य बिंदुओ की जॉच के आधार पर पति अभिजीत के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस जॉच में टीम को डॉ. रिचा के मोबाइल में वॉट्सएप चैट मिले हैं। इस चैट से खुलासा हुआ है, कि लंबे समय से चल रहे पारिवारिक विवाद के तनाव और पति के अन्य महिला से संबधो से तंग आकर ही डॉ. रिचा ने खुद को एनेस्थीसिया के पांच इंजेक्शन लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस जांच में यह बात भी सामने आई है की पति अभिजीत की किसी अन्य महिला से काफी नजदीकियां थी, इसकी जानकारी लगने पर पत्नि रिचा ने कई बार पति को समझाने की कोशिश की थी। लेकिन पति अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। वॉट्सएप चैट में कई बार विवाद होने पर पति ने रिचा से कहा था- मर जाओ। गौरतलब है कि शुक्रवार सुबह शाहपुरा थाना इलाके में डॉ. रिचा पांडे (25) का शव उनके घर में मिला था। हाथ पर इंजेक्शन के निशान मिले थे। बॉडी में सस्पेक्टेड पॉइजन पाया गया था। पति उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचा।

## सक्षम आंगनवाड़ी एवं मिशन पोषण 2.0 के तहत आंगनवाड़ी कार्यकताओं का होगा प्रशिक्षण

### पोषण भी-पढ़ाई भी पर एक दिवसीय कार्यशाला 18 मार्च को

भोपाल (निप्र)। केन्द्र सरकार के पोषण भी-पढाई भी कार्यक्रम के तहत प्रदेश की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकताओं को नेशनल करिकल्म फॉर अर्ली चाईल्डहूड केयर एण्ड एजुकेशन 2024 (आधारशिला) एवं नेशनल फ्रेमवर्क फॉर अर्ली चाईल्डहूड स्टीमूलेशन 2024 (नवचेतना) के अनुसार प्रशिक्षित किया जाएगा। दो चरणों में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 से 22 मार्च 2025 और 24 से 26 मार्च को होगा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को 3 वर्ष से कम आयु के बच्चों के पालकों को बाल विकास को प्रेरित करने के संबंध में जागरूक करने, पोषण संबंधी गतिविधियों, 3-6 वर्ष के बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और बच्चों में दिव्यांगता एवं विकास में देरी के संबंध में पालकों को जागरूक करने जैसे विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिये राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान नई दिल्ली एवं इंदौर द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रशिक्षणों के माध्यम से परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को मास्टर ट्रेनर्स के रूप में तैयार किया गया है।

## दानिश पुल के नीचे फेंका मेडिकल वेस्ट, निगम कर्मियों ने कचरे में पर्ची से ढूंढ निकाला पता

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम, भोपाल द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर नये-नये नवाचार कर भोपाल को स्वच्छता में नं. 01 बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। निगम द्वारा शहर के मुख्य मार्गों/मार्गों एवं सेन्ट्रल वर्ज/साइड वर्ज तथा ग्रीन एरिये में बेहतर साफ-सफाई कर आकर्षक पेंटिंग एवं चित्रकारी की गई है। निगम द्वारा शहर के सौन्दर्य को बिगाड़ने एवं स्वच्छता में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही निरंतर की जा रही है और इसी कड़ी में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ने दानिश कुंज स्थित पुल के नीचे मेडिकल वेस्ट फेके जाने पर पर्ची के आधार पर भूमिका क्लीनिक का पता ढूंढ निकाला और मेडिकल वेस्ट फेकने वाले डॉक्टर पर 15 हजार रूपये का जुर्माना किया गया। इसके अलावा कोलार बंजारी में कचरा फेकने पर पते से संबंधित व्यक्ति का पता ढूंढ निकाला और संबंधित पर 02 हजार रूपये का जुर्माना किया गया।झनगर निगम, भोपाल द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर नये-नये नवाचार कर भोपाल को स्वच्छता में नं. 01 बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। निगम द्वारा शहर के मुख्य मार्गों/मार्गों एवं सेन्ट्रल वर्ज/साइड वर्ज तथा ग्रीन एरिये में बेहतर साफ-सफाई कर आकर्षक पेंटिंग एवं चित्रकारी कर शहर को और सौन्दर्ययुक्त बनाया गया है। निगम द्वारा शहर के सौन्दर्य को बिगाड़ने एवं स्वच्छता में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही निरंतर की जा रही है और अनेकों बार खुले स्थानों पर गंदगी एवं मेडिकल वेस्ट फेकने वालों का पता ढूंढकर उनके खिलाफजुर्माने/स्पॉट फाईन सख्त कार्यवाही भी की गई है। जोन क्र. 18 के अंतर्गत दानिश कुंज स्थित पुल के नीचे मेडिकल वेस्ट पड़े होने की निरीक्षण के दौरान जानकारी मिली।

# महाकाल के शिखर पर अब लहराएगा ब्रह्मध्वज

>>> मध्यप्रदेश सरकार का बड़ा फैसला,मंत्रिमंडल बैठक में घोषणा

>>> नवसंवत्सर से बदलेगा मंदिर का ध्वज, शुरू होगा नया अध्याय



उज्जैन (आरएनएस)। विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर पर अब ब्रह्मध्वज नाम से नया ध्वज लहराता दिखाई देगा। केसरिया ध्वज के बीच में सूर्य की आकृति होगी। मध्यप्रदेश सरकार ने यह बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। महाकाल मंदिर के शिखर पर वैसे तो हर साल नया ध्वज चढ़ाया जाता है लेकिन इस बार नया परिवर्तन यह किया गया है कि ध्वज ही नया होगा। ध्वज के मध्य में सूर्य देव की आकृति होगी। खास बात ये कि मध्यप्रदेश में उज्जैन सहित सभी जिलों और स्थानों में जहां भी विक्रमोत्सव के आयोजन होंगे वहां यह ध्वज फ्हराया जाएगा।

मध्यप्रदेश सरकार कई दिनों से इस मिशन में लगी थी। विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक और मुख्यमंत्री के सलाहकार श्रीराम तिवारी ने इस पर शोध कराया और नए ध्वज की आकृति निर्धारित की गई। आज सुबह हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह प्रस्ताव रखा गया, जिसे स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री के सलाहकार श्रीराम तिवारी ने निर्णय की पुष्टि की है।इसलिए उठाया ये कदम सृष्टिकर्ता महाकाल की प्रेरणा से ब्रह्मदेव ने सृष्टि का निर्माण किया। प्रवर्तित सृष्टियाबद के आरम्भ से ही कोटि सूर्य को महिमा प्रदान की गई है। यह ब्रह्मध्वज वर्षों पूर्व परंपरा से महाकालेश्वर मंदिर के शिखर पर समय समय पर स्थापित हो रहा है।

## इंदौर पुलिस का धमाकेदार ऑपरेशन, कुख्यात नशे का तस्कर वसीम उर्फ़ बाबा गिरफ़्तार

इंदौर (आरएनएस)। इंदौर पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफएक बड़ी सफ्लता हासिल करते हुए शहर के कुख्यात ड्रग पैडलर 'वसीम उर्फ बाबा' और उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लगभग एक करोड़ रुपये मूल्य की 100 ग्राम स्ष्ठ ड्रग्स (मेफेड्रोन ड्रग्स) जब्त की है। 'वसीम उर्फ बाबा' मध्य प्रदेश के सबसे वांछित ड्रग तस्करों में से एक था, जिसकी तलाश गुजरात ATS और भोपाल क्राइम ब्रांच को भी थी। भोपाल क्राइम ब्रांच और आजाद नगर पुलिस ने उस पर 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया था। आरोपी 'वसीम उर्फबाबा' पर देश भर में 21 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# शादी के 18 साल बाद चार बच्चों की मां आधी रात प्रेमी के साथ फरार

सागर (ए.)। मध्य प्रदेश के सागर जिले में एक हैरान करने वाले प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। जिले के राहतगढ़ में रहने वाली एक महिला अपने चार बच्चों और पति को छोड़कर आधी रात में प्रेमी के साथ फरार हो गई। शादी के 18 साल बाद पत्नी के यह कदम उठाने से महिला का पति भी हैरान हैं। पीड़ित पति ने गांव के एक युवक और अन्य लोगों पर उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



भागी महिला

जानकारी के अनुसार, मामला जिले के राहतगढ़ थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव का है। जहां, रहने वाली चार बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई।

महिला के पति मनोज पटेल ने बताया कि उसकी शादी करीब 18 साल पहले जरुवाखेड़ा के ठाकुर बाबा के मंदिर में पूजा पटेल के साथ हुई थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था, हमारे चार बच्चे भी हुए। सबसे बड़ी बेटी 13, और फिर तीन बच्चे 11, 7 और 2 साल के हैं।

### रात 12 बजे पत्नी प्रेमी के साथ भागी महिला

मनोज पटेल ने बताया कि बीते 18 जनवरी की रात करीब 12 बजे पत्नी पूजा पटेल अपने प्रेमी अनिल पटेल के साथ भाग गई। अनिल पटेल गांव का ही रहने वाला है, उसका हमारे घर आना-जाना था। इसी कारण वह पूजा को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। साथ ही, पूजा अपने साथ करीब डेढ़ लाख रुपये नगद और घर के सभी जेवरात भी ले गई। फरियादी मनोज का आरोप है कि पूजा को भगाने में मूगा बाई पटेल, सोनू पटेल, पुरुषोत्तम पटेल और नंदू पटेल ने भी अनिल पटेल का साथ दिया है। मनोज पटेल ने कहा कि मामले की शिकायत थाना राहतगढ़, एसपी और आईजी से की है। लेकिन, अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

### पुलिस जांच में जुटी

थाना प्रभारी मुकेश सिंह ठाकुर ने बताया कि मामले की शिकायत आई है, जांच की जा रही है। महिला और आरोपी का मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा है। मोबाइल की लोकेशन ट्रेस के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## चैत्र नवरात्रि पर्व पर माता रतनगढ़ समीक्षा बैठक 26 मार्च को

दतिया (आरएनएस)। अपर जिला मजिस्ट्रेट दतिया नीरज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 मार्च 2025 से 7 अप्रैल 2025 तक ग्रीष्मकालीन चैत्र नवरात्रि पर्व पर माता रतनगढ मंदिर पर मेला आयोजित है। जिसके संबध में कलेक्टर संदीप कुमार माकिन की अध्यक्षता में 10 मार्च 2025 को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में आपको आयोजित मेले के दृष्टिगत जिम्मेदारियां सौंपते हुए निर्देशित किया गया था। जिले समस्त अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों के संबध में कलेक्टर की अध्यक्षता में 26 मार्च 2025 को दोपहर 3.30 बजे माता रतनगढ़ मंदिर परिसर में समीक्षा बैठक का आयोजित की जा रही है।

## राणा सांगा को गद्दार कहने पर क्षत्रिय महासभा ने सपा सांसद रामजीलाल का पुतला फूंका

जबलपुर(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफदेशभर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। सुमन ने राणा सांगा को बाबर का सहयोगी बताते हुए गद्दार कहा था। इस बयान से नाराज अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के सदस्यों ने मालवीय चौक पर सांसद का पुतला फूंका। क्षत्रिय महासभा के सदस्यों ने सांसद के बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सुमन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। महासभा ने चेतावनी दी है कि अगर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे ।सांसद सुमन ने अपने विवादित बयान में कहा था कि राणा सांगा ही बाबर को भारत लेकर आए थे। क्षत्रिय समाज ने इस बयान को क्षत्रिय शिरोमणि राणा सांगा का अपमान माना है।

## नारियल से भरा ट्रक में अचानक लगी आग

नरसिंहपुर (आरएनएस)। नारियल से भरे एक ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। हादसा सोमवार को नेशनल हाईवे 44 पर सुआतला थाना अंतर्गत बरमान चौकी क्षेत्र में वाटिका ढाबे के पास हुआ। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया।बरमान चौकी प्रभारी आशीष बोपचे ने बताया कि यह ट्रक तमिलनाडु से दिल्ली की ओर जा रहा था। रास्ते में अचानक आग लगने की जानकारी राहगीरों ने ट्रक चालक को दी। चालक ने तुरंत ट्रक रोका और स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने की कोशिश की। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया।फ्लिहाल, ट्रक में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। इस घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

## बैंक ने कांग्रेस नेता के मकान पर किया कब्जा

दतिया (आरएनएस)। इंडियन ओवरसीज बैंक ने सोमवार को कांग्रेस नेता ब्रजमोहन शर्मा के मकान पर कब्जा कर लिया। यह कार्रवाई बैंक अधिकारियों, तहसीलदार और पुलिस की मौजूदगी में की गई।बैंक ने वर्ष 2013 में जय अंबे वेयर हाउस के मालिक दीप तिवारी को सवा करोड़ रुपए का लोन दिया था। इस लोन के गारंटर ब्रजमोहन शर्मा थे, जिन्होंने गारंटी के तौर पर अपना मकान बैंक के पास रखा था। शर्मा इस वेयर हाउस में पार्टनर भी थे। बैंक अधिकारियों के अनुसार, वेयर हाउस का लोन न चुकाए जाने के कारण ब्रजमोहन शर्मा के मकान की कीमत 28 लाख रुपए आंकी गई और कार्रवाई की गई। बैंक के मुताबिक, वेयर हाउस पर अभी भी 50 लाख रुपए का लोन बकाया है। ब्रजमोहन शर्मा ने इस कार्रवाई को साजिश करार दिया है। उनका कहना है कि उनके मकान की वर्तमान कीमत 93 लाख रुपए है और मामला जबलपुर हाईकोर्ट में विचाराधीन है। उनका आरोप है कि बिना नोटिस दिए मकान खाली कराया गया, जबकि नियमानुसार 15 दिन पहले नोटिस दिया जाना चाहिए था। उन्होंने चिंता जताई कि अब वे अपने बुजुर्ग माता-पिता के साथ कहां जाएंगे।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

दतिया(आरएनएस)। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र में सोमवार को 21 वर्षीय युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया है। आरोपी की पहचान टीकमगढ़ जिले के लाखलोन गांव निवासी प्रवेन्द्र दांगी के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़िता के मुताबिक, दो साल पहले एक शादी समारोह में उसकी मुलाकात प्रवेन्द्र से हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच सोशल मीडिया पर बातचीत होने लगी। जुलाई 2023 में पहली बार प्रवेन्द्र इंदरगढ़ आया और शादी का वादा कर युवती से शारीरिक संबंध बनाए।

आरोपी ने इसके बाद 4-5 बार और युवती से मुलाकात की और हर बार संबंध बनाए। आखिरी बार सितंबर 2024 में वह मिलने आया। जब नवंबर 2024 में युवती ने शादी की बात छेड़ी और परिवार से बात करने को कहा, तो आरोपी ने इनकार कर दिया।

युवती ने विरोध किया तो प्रवेन्द्र ने उसके निजी वीडियो वायरल करने की धमकी दी। परेशान होकर पीड़िता ने परिवार को पूरी घटना बताई।

# राजस्व अमले ने अड़ूपुरा रामजानकी मंदिर की कुल 26 बीघा भूमि एवं 14 बीघा पर खड़ी फसल को आधिपत्य में लिया

### भूमि पर बने दो आवासों को भी आधिपत्य में लेकर किया सील

ग्वालियर (ए.)। औकाफ माफी के साथ ही शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध ग्वालियर जिले में की जा रही कार्रवाई की कड़ी में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर राजस्व अमले ने अड़ूपुरा स्थित श्री रामजानकी मंदिर से लगी हुई 26 बीघा भूमि तथा उक्त भूमि के 14 बीघा भाग पर खड़ी फसल से अतिक्रामक नरेन्द्र गुर्जर, जितेन्द्र गुर्जर, परमेन्द्र गुर्जर तथा रामेन्द्र गुर्जर को बेदखल कर कब्जा प्राप्त कर लिया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लश्कर नरेन्द्र बाबू यादव ने बताया कि खड़ी



फसल को मोजा पटवारी की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया है। फसल की सार्वजनिक नीलामी की जायेगी। नीलामी में प्राप्त धनराशि को मंदिर के खाते में जमा कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि भूमि पर ही क अर्द्धनिर्मित मकान तथा एक अन्य मकान को भी आधिपत्य में लेकर सील किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री यादव ने बताया कि रामजानकी मंदिर प्रबंधक कलेक्टर ग्वालियर माफी औकाफ के ग्राम रवार स्थित सर्वे नं. 128, 129, 130, 131, 132, 133, 134, 135, 136, 127, 137, 138, 125, 356, 357, 359 कुल क्रेता 16 कुल रकबा 5.4 हैक्टेयर (26 बीघा) भूमि तथा उक्त भूमि के 14 बीघा पर खड़ी फसल को आधिपत्य में लिया गया है। राजस्व विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नरेन्द्र बाबू यादव, तहसीलदार शिवदत्त कटारे, राजस्व निरीक्षक योगेन्द्र त्रिपाठी के साथ ही तहसील अमला भी उपस्थित था।

## व्यापार समाचार

## दालों में आत्मनिर्भर बन रहा भारत, एनडीए सरकार में आयात के मुकाबले तेजी से बढ़ रहा निर्यात

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर विजन के तहत भारत दालों में तेजी से आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है। बीते 10 वर्षों में देश में दालों का निर्यात, आयात की अपेक्षा तेजी से बढ़ा है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत का दालों का निर्यात वित्त वर्ष 25 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में 4,437 करोड़ रुपये रहा है, जबकि पूरे वित्त वर्ष 15 में यह 1,218 करोड़ रुपये था। इस तरह, बीते 10 वर्षों में भारत का दाल निर्यात 264.29 प्रतिशत बढ़ा है।

दूसरी तरफ, इस दौरान आयात में 86.45 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। देश में वित्त वर्ष 25 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में 31,814 करोड़ रुपये की दालों का आयात किया गया है। वहीं, वित्त वर्ष 15 में यह आंकड़ा 17,063 करोड़ रुपये था।वहीं, कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए के शासनकाल के 10 वर्षों में दालों के निर्यात में 187.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी और आयात में 457.1 प्रतिशत का इजाफा हुआ था।वित्त वर्ष 14 में भारत ने 1,749 करोड़ रुपये की दालों का निर्यात किया था। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 05 में 608 करोड़ रुपये था। यूपीए के शासन में वित्त वर्ष 14 में भारत ने 11,037 करोड़ रुपये की दालों का आयात किया था। वहीं, वित्त वर्ष 05 में यह आंकड़ा 1,981 करोड़ रुपये पर था। भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए भी लगातार काम कर रही है। दालों के किसानों को एनडीए सरकार 93,544 करोड़ रुपये की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का भुगतान कर चुकी है, जबकि यूपीए सरकार ने अपने शासनकाल में दालों के किसानों को केवल 1,936 करोड़ रुपये की एमएसपी का भुगतान किया था।

# 90 लाख करदाताओं ने फाइल किया अपडेटेड ITR, सरकार को मिले इतने हजार करोड़ रुपए

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। हाल ही में संसद को दी गई जानकारी के अनुसार, पिछले चार वर्षों में 90 लाख से अधिक अपडेटेड आयकर रिटर्न दाखिल किए गए हैं, जिससे सरकार को 9,118 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ है। यह सरकार द्वारा शुरू की गई वॉलंटरी कंप्लायंस स्कीम (वीसीएस) की सफलता को दर्शाता है। सरकार ने 2022 में स्वैच्छिक अनुपालन को प्रोत्साहित करने की योजना के तहत अतिरिक्त आयकर का भुगतान करदाताओं के लिए किसी स्पेसिफिक असेसमेंट ईयर से दो साल तक अपडेटेड आईटीआर (आईटीआर-यू) फाइल करने का विकल्प पेश किया था। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि कुल मिलाकर, असेस्मेंट ईयर 2021-22 से असेसमेंट ईयर 2024-25 के बीच 9.176 मिलियन से अधिक आईटीआर-यू फाइल किए गए, जिससे सरकार को 9,118 करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर प्राप्त हुआ। वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि करंट असेसमेंट ईयर (2024-25) में 28 फरवरी तक करीब 464,000 अपडेटेड आईटीआर दाखिल किए गए हैं और 431.20 करोड़ रुपये का कर चुकाया गया है। सरकार ने फाइनेंस बिल, 2025 के जरिए अपडेटेड रिटर्न फाइल करने की समय सीमा को संबंधित




असेसमेंट ईयर से चार साल तक बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। योजना की सफलता को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।असेसमेंट ईयर 2023-24 में 2.979 मिलियन से अधिक आईटीआर-यू दाखिल किए गए और 2,947 करोड़ रुपये अतिरिक्त कर चुकाए गए। असेसमेंट ईयर 2022-23 और वित्त वर्ष 2021-22 में क्रमश: 4.007 मिलियन और 1.724 मिलियन अपडेटेड आईटीआर दाखिल किए गए और अतिरिक्त 3,940 करोड़ रुपये और 1,799.76 करोड़ रुपये कर चुकाए गए।एक दूसरे सवाल के जवाब में वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 'कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई लेनदेन (व्यक्ति से व्यापारी पी2एम) को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना' को मंजूरी दे दी है। यह कदम डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने और छोटे व्यापारियों को यूपीआई अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के सरकार के लक्ष्य के अनुरूप उठाए गए हैं। डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना वित्तीय समावेशन के लिए सरकार की रणनीति का एक अभिन्न अंग है। ग्राहकों/व्यापारियों को सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल भुगतान उद्योग द्वारा किए गए व्यय को मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) के जरिए वसूला जाता है। मर्चेंट डिस्काउंट रेट एक शुल्क है जिसे व्यापारियों और अन्य व्यवसायों को डेबिट या क्रेडिट कार्ड लेनदेन पर पेमेंट प्रोसेसिंग कंपनी को देना होगा। वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि एमडीआर आमतौर पर लेनदेन राशि के प्रतिशत के रूप में आता है।आरबीआई के अनुसार, डेबिट कार्ड के लिए सभी कार्ड नेटवर्क पर लेनदेन मूल्य का 0.90 प्रतिशत तक का एमडीआर लागू है।


## सोने की कीमतों में 100 रुपये की नरमी, चांदी भी 500 रुपये टूटी



नई दिल्ली (ए.)। आभूषण कारोबारियों और खुदरा विक्रेताओं की मांग में कमी आने के कारण सोना 100 रुपये कमजोर हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार के मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोना 100 रुपये की कमी के साथ 90,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 90,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बंद हुआ था। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्ध वाले सोने की कीमत भी लगातार चौथे कारोबारी सत्र में कमजोर हुई और 100 रुपये की गिरावट के साथ 90,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ कमोडिटी विश्लेषक सौमिल गांधी के अनुसार, अमेरिकी डॉलर और ट्रेजरी यील्ड में बढ़ोतरी के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई है, क्योंकि इस बात के संकेत मिले हैं कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ का अगला दौर शुरूआती अनुमान से कम कठोर हो सकता है।

## 2024 में भारत में होटल ट्रांजैक्शन 2,900 करोड़ रुपये तक पहुंचा, टियर 2 और 3 शहरों में हुए सबसे ज्यादा लेनदेन




मुंबई (आरएनएस)। भारत में 2024 में होटल ट्रांजैक्शन 2,900 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इसमें दिलचस्प बात टियर 2 और 3 शहरों से जुड़ी देखी गई। मंगलवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार होटल ट्रांजैक्शन के तहत टियर 2 और 3 शहरों में 50 प्रतिशत लेनदेन हुए। इनमें मुख्य रूप से बिना ब्रांड वाली मध्यम श्रेणी की होटल शामिल हैं।

जेएलएल की एक रिपोर्ट के अनुसार, हाई-नेट वर्थ इंडिविजुअल (एचएनआईएस), फैमिली ऑफिस और निजी मालिकों ने निवेश मात्रा में 51 प्रतिशत का योगदान दिया। 2024 की चौथी तिमाही में, भारतीय आतिथ्य क्षेत्र (इंडियन हॉस्पिटैलिटी सेक्टर) ने मजबूत वृद्धि का प्रदर्शन किया, जिसमें टॉप छह बाजारों में एवरेज डेली रेट (एडीआर) और रेवेन्यू पर अवेलेबल रूम (रेवपीएआर) दोनों में सालाना आधार पर वृद्धि दर्ज की गई।

हैदराबाद सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाला शहर रहा, जिसने 23.3 प्रतिशत की उच्चतम रेवपीएआर वृद्धि दर्ज की, जो एडीआर में वृद्धि की वजह से देखी गई। बेंगलुरु में भी उच्च रेवपीएआर वृद्धि दर्ज की गई, जो कि एडीआर और ऑक्यूपेंसी रेट दोनों में सुधार की वजह से रही। इस तिमाही में होटल साइनिंग में पर्याप्त गतिविधि देखी गई, जिसमें 99 नए होटलों में कुल 11,943 चाबियां दी गईं।

जेएलएल के होटल और आतिथ्य समूह के भारत प्रबंध निदेशक जयदीप डांग ने कहा, हमने पिछले साल 367 नए होटलों के साइनिंग और 154 नए होटलों का उद्घाटन रिकॉर्ड किया। यह 2023 की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक है। यह होटल इंडस्ट्री इकोसिस्टम के लिए उत्साहजनक खबर है, क्योंकि यह निर्माण और ऋण गतिविधि को बढ़ावा देगा और आखिर में पूरे स्पेक्ट्रम में रोजगार प्रदान करेगा। यह भारतीय आतिथ्य बाजार में निवेशकों के निरंतर विश्वास और विस्तार को भी दर्शाता है। मिडस्केल सेगमेंट ने 53 प्रतिशत होटल ओपनिंग और 44 प्रतिशत साइनिंग के साथ दबदबा बनाया। उत्तर प्रदेश 1,744 चाबियों के साथ साइनिंग में सबसे आगे रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली के यशोभूमि और मुंबई के एयरपोर्ट जिले में नए हॉटस्पॉट उभर रहे हैं, जो इन क्षेत्रों में भविष्य में विकास की संभावना का संकेत देते हैं।

## सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स को बड़ा झटका, को-सीईओ हान जोंग-ही का दिल का दौरा पड़ने से निधन

नई दिल्ली (आरएनएस)। दक्षिण कोरियाई प्रौद्योगिकी दिग्गज सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने मंगलवार को अपने को-सीईओ हान जोंग-ही के आकस्मिक निधन की जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि 63 वर्षीय हान जोंग-ही का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह सैमसंग के कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल डिवाइस डिवीजन का नेतृत्व कर रहे थे।



कंपनी के एक प्रवक्ता ने बताया कि हान जोंग-ही छुट्टी पर थे और अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था, जहां उन्हें दिल का दौरा पड़ा। कंपनी ने अभी तक उनके उत्तराधिकारी के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है।हान जोंग-ही ने लगभग 40 साल पहले सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में अपना करियर शुरू किया था और उन्होंने कंपनी के टेलीविजन व्यवसाय में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उनकी विशेषज्ञता के चलते उन्हें 2022 में सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स का वाइस प्रेसीडेंट और को-सीईओ नियुक्त किया गया था। वह कंपनी के बोर्ड के सदस्य भी थे।उनका निधन ऐसे समय में हुआ है जब सैमसंग हाल के कुछ तिमाहियों में कमजोर मुनाफे और शेयर की गिरती कीमतों से जूझ रही है। कंपनी एडवांस्ड मेमोरी चिप्स और कॉन्ट्रैक्ट चिप मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में अपने प्रतिद्वंद्वियों से पिछड़ रही है, जबकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) परियोजनाओं के कारण इन क्षेत्रों में मांग में तेजी आई है। इसके अलावा, स्मार्टफोन बाजार में भी एप्पल ने सैमसंग को पीछे छोड़ दिया है। सेमीकंडक्टर सेगमेंट में सैमसंग, एसके हाइनिक्स से पीछे है, जो एनवीडिया जैसी कंपनियों को एआई ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (त्नक्क) के लिए एचबीएम चिप्स की आपूर्ति करता है।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## मुक्त व्यापार की विडंबना

आरसीईपी पर दस्तखत ना करने की एक वजह न्यूजीलैंड एवं ऑस्ट्रेलिया से आयात के कारण भारतीय दुग्ध उद्योग के लिए संभावित खतरे को बताया गया था। अब भारत ने न्यूजीलैंड से ही एफटीए वार्ता शुरू कर दी है।

ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के बाद अब भारत ने न्यूजीलैंड से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत शुरू की है। छह साल पहले के घटनाक्रम को याद करें, तो न्यूजीलैंड से अब ऐसे करार की बनी जरूरत को एक विडंबना ही कहा जाएगा।

गौरतलब है, क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) समझौते के लिए वार्ता में भारत आरंभ से शामिल था। लेकिन 2019 में जब दस्तखत की बारी आई, तो ऐन वक्त पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसा ना करने का फैसला किया था।

तब इसकी एक वजह चीनी उत्पादों से भारतीय बाजारों के पट जाने की आशंका को बताया गया था।

यह पेचीदा सवाल

दूसरे कारण के तौर पर न्यूजीलैंड एवं ऑस्ट्रेलिया से संभावित आयात से भारतीय दुग्ध उद्योग के खतरे में पड़ने की सूरत का जिक्र हुआ था। वो दोनों दुग्ध उत्पाद में अग्रणी देश हैं। आरसीईपी में शामिल ना होने के कारण भारत चीनी उत्पादों से किस हद तक बचा पाया, यह अलग, लेकिन गंभीर पड़ताल का विषय है।

बहरहाल, अब न्यूजीलैंड से भारत ने एफटीए के लिए वार्ता शुरू कर दी है। न्यूजीलैंड में औसत आयात शुल्क 2.3 प्रतिशत है, जबकि भारत में यह औसतन 17.8 फीसदी है। ऐसे में साफ है कि किस देश को आयात शुल्क में अधिक रियायत देनी होगी।

ऐसे में न्यूजीलैंड के अपेक्षाकृत सस्ते दुग्ध उत्पादों से भारतीय दुग्ध उत्पादकों को कैसे संरक्षण दिया जाएगा, यह पेचीदा सवाल है।

फिर न्यूजीलैंड आरसीईपी का सदस्य है। ऐसे में वहां चीनी उत्पादों के हुए आयात को सेकंडरी निर्यात के तौर पर भारत भेजा गया, तो उससे बचाव के लिए भारत बाड़ कैसे लगा पाएगा? न्यूजीलैंड मांस और शराब का भी बड़ा निर्यातक है। तो उसके लिए भारतीय बाजार के खुलने की संभावना बनेगी। जब ऋषि सुनक के कार्यकाल में भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए पर बात आगे नहीं बढ़ी, तो एक तत्कालीन ब्रिटिश मंत्री ने कहा था कि भारत करार के तहत सिर्फ फायदा चाहता है, रियायत नहीं देना चाहता।



एनसीपी विधायक अन्ना बनसोड़े ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में महाराष्ट्र विधानसभा उपाध्यक्ष चुनाव के लिए महायुति उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया।

# पूरा प्रदेश नफरत का मैदान!

**हरिशंकर व्यास**

मणिपुर में जातीय हिंसा को दो साल होने जा रहे हैं। 2023 की मई के पहले हफ्ते में कुकी और मैती समूहों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी, जिसमें तीन सौ के करीब लोग मरे हैं और हजारों लोग विस्थापित हुए है।

ऐसा लग रहा था कि अब वहां शांति बहाल हो जाएगी। लेकिन उलटे हिंसा और भड़क गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आठ मार्च से मणिपुर की सारी सड़कें खोल देने और आवागमन सामान्य रूप से बहाल करने का आदेश दिया था।

लेकिन आठ मार्च को सड़कें खुलीं तो हिंसा भड़क गई। सुरक्षा बलों के घेरे में कुछ सड़कों पर आवाजाही शुरू हुई है लेकिन आठ मार्च के बाद जितने हमले हुए उन्हें देखते हुए लोग अभी जोखिम नहीं लेना चाहते हैं।

मणिपुर में भाजपा के तमाम प्रयोग फेल हैं। कारण यह है कि हिंसा भड़कने के बाद जो काम सबसे पहले होना चाहिए था वह करने की बजाय सब कुछ किया गया।

प्रधानमंत्री चाहते तो मणिपुर को उस अवस्था में पहुंचाने वाले मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को हटा कर हालात सामान्य करने का प्रयास कर सकते थे। लेकिन हिंसा भड़कने के बाद भी बीरेन सिंह बने रहे।

प्रधानमंत्री खुद मणिपुर गए

वे बहुसंख्यक मैती समुदाय को उकसाने वाली बातें भी करते रहे। जातीय भावनाओं को उकसा कर उन्होंने शांति नहीं बहाल होने दी। न प्रधानमंत्री खुद मणिपुर गए और न उन्होंने मुख्यमंत्री बदला।

जब पानी सर के ऊपर से बहने लगा तो पिछले महीने फरवरी में




मुख्यमंत्री को हटाया गया। यह माना गया कि बीरेन सिंह के हटने से शांति बहाल होगी लेकिन वह भी नहीं हुआ क्योंकि बीरेन सिंह पहले ही बहुत डैमेज कर चुके थे।

उनको हटाने से पहले केंद्रीय गृह सचिव रहे अजय कुमार भल्ला को वहां राज्यपाल बना कर भेजा गया। बीरेन सिंह के हटने के बाद भल्ला की कमान में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। उसी भरोसे में अमित शाह ने आठ मार्च को आवागमन सामान्य बनाने का ऐलान किया।

लेकिन राष्ट्रपति शासन में राज्यपाल भी कुछ नहीं कर पाए। इस बीच फिर से सरकार बनाने की कोशिश होती रही। मैती विधायकों की आम राय से सरकार गठन का प्रयास हुआ लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

इस तरह अब तक हुए तमाम प्रयास और प्रयोग विफल हो गए हैं। इसका कारण यह है कि किसी में ईमानदारी नहीं थी। यह भावना नहीं थी जातीय हिंसा खत्म करके हालात सुधारने हैं।

सिर्फ एक मणिपुर का मामला नहीं

नए प्रयोग के तहत सुप्रीम कोर्ट के छह जज मणिपुर जा रहे हैं। 22 और 23 मार्च को नेशनल लीगल सर्विस ऑथोरिटी के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस बीआर गवई के अलावा जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह मणिपुर में मौजूद रहेंगे। झ ये जज लोगों को मुफ्त कानूनी सेवा और मेडिकल सेवा उपलब्ध करवाने के लिए किए जा रहे उपायों का जायजा लेंगे। यह भी कहा गया है कि मारे गए लोगों के परिजनों और विस्थापितों को मुफ्त लीगल सेवा के प्रति जागरूक करने और हिंसा पीड़ितों के लिए राहत कार्यों को बढ़ावा देने के लिए यह कार्यक्रम है।यह एक अच्छी पहल है और इसके पीछे मंशा भी ठीक है। लेकिन सामाजिक स्तर पर जितना अविश्वास बढ़ा है और जिस तरह दोनों समुदाय एक दूसरे के खून के प्यासे हो रहे हैं उसमें बड़ी राजनीतिक पहल की जरुरत है। यह सिर्फ एक मणिपुर का मामला नहीं है। इसके साथ मिजोरम का मामला भी है, जहां बड़ी संख्या में मणिपुर के विस्थापितों ने शरण ली है। सीमा पार यानी म्यांमार से होने वाली घुसपैठ की मामला भी उससे जुड़ा है। सरकार पूर्वोत्तर में शांति बहाली के दावे कर रही है लेकिन वहां के हालात अलग कहानी बयान कर रहे हैं।

# नफरत है राष्ट्र धर्म!

हरिशंकर व्यास

यों मुर्दा कौम मुर्दों, कब्रिस्तानों में ही सांसें लेती हैं और भय के भूत उसका परिवेश! इसलिए आश्चर्य नहीं है जो हिंदू राजनीति में औरंगजेब का कंकाल उपयोगी है और काला रंग संसद को स्थगित करवा देता है! इस सप्ताह तमिलनाडु के नेताओं के टीशर्ट पर 'तमिलनाडु विल फाइट, तमिलनाडु विल विन' शब्दों को पढ़ संसद स्थगित हुई। वहीं नागपुर में औरंगजेब पर हिंसा हुई। उसकी कब्र तोड़ने वाले के लिए पुरस्कार की घोषणा सुनी! तीसरी खबर भूतहा मणिपुर में सुप्रीम कोर्ट के छह जजों की विजिट है। यह सब किस बात का प्रमाण है? नफरत का बतौर राष्ट्र (सत्ता) धर्म उपयोग!

शनिवार को चेन्नई में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, पंजाब और ओडिशा के मुख्यमंत्रियों के साथ विचार कर रहे हैं कि दक्षिण कैसे उत्तर भारत से, भाजपा से बचे! सप्रीम कोर्ट के जज मणिपुर में फील करेंगे कि नफरत में लोग कैसे एक दूसरे के जानी दुश्मन है! संभव है औरंगजेब की कब्र के मसले में दंगे के कथित देशद्रोही मास्टरमाइंड और पकड़े जाएं!क्या यह सब उसी इतिहास की और भारत के पुनर्वास का सफर नहीं है, जिसमें औरंगजेब, संभाजी भी था तो भगवे, हरे झंडे की रियासतें भी थीं? भूल जाएं संघ परिवार, भाजपा और नरेंद्र मोदी के एकात्म मानववाद, एक भारत-श्रेष्ठ भारत के जुमलों को और याद करें उस औरंगजेब को, जिसने पूरे भारत पर कब्जा करने की जिद्द में नफरत, क्रूरता से यह ठानी कि दक्षिण में भी मेरा राज हो। और हिंदुओं से ऐसा सलूक हो कि उनकी नस्ल भयाकुल हो जाए। वह फिर इतिहास का महानायक, विश्वगुरू कहलाएगा। औरंगजेब की रग-रग में तब क्या था? सिर्फ सत्ता की भूख और भूख। तभी चौबीसों घंटे अपने एकेश्वर अहंकार में दिन-रात सत्ता के अभियानों में खोए रहना।

क्या मैं गलत हूं? ध्यान रहे औरंगजेब उस मुगल खानदान का था, जिसमें उससे पहले एक अकबर हुआ था। अकबर भी सत्ता की ललक में साम्राज्य बढ़ाने का धुनी था। उसे राणा प्रताप की एक गज स्वतंत्र जमीन बरदाश्त नहीं थी। बावजूद इसके उसे औरंगजेब जैसा नहीं समझा गया। तभी अकबर और औरंगजेब का फर्क इतिहास का वह सत्य है, जिसमें अकबर की मौत के बाद परिवार का आगे भी शासन कायम रहा वही औरंगजेब के बाद मुगल साम्राज्य का हिंदुस्तान तितर-बितर होने लगा!बहरहाल, तमिलनाडु और दक्षिण के मन को बूझें। किसलिए मुख्यमंत्री स्टालिन और उनके बेटे ने सनातन धर्म, रुपए के सिंबल की जगह तमिल शब्द, हिंदी विरोध और परिसीमन पर वह रूख बनाया जो असल में मोदी-योगी याकि हिंदू राजनीति के तौर-तरीकों के प्रति नफरत है? वजह केंद्र सरकार की दादागिरी है। वह शोर, वह भौकाल है कि हमी से देश है। भाजपा ने वह भगवा राजनीति बनाई है, जिसमें नफरत है और हर कोई अपनी अस्मिता, पहचान, भाषा और सत्ता को लेकर भयाकुल है। नरेंद्र मोदी, योगी आदित्यनाथ, देवेंद्र फड़नवीस, मणिपुर को तबाह करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री बीरेन सिंह हों या ममता बनर्जी, स्टालिन, सिद्धारमैया, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव आदि सभी का दिल-दिमाग चौबीस घंटे इस असुरक्षा में गुजरता है कि कहीं हम हार न जाएं, कहीं हम धांधली के शिकार न हो जाएं। धोखा न खा जाएं।

उद्धव ठाकरे, शरद पवार, राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में अपने को धोखे में हारा माना है तो अखिलेश यादव और अरविंद केजरीवाल भी ऐसा ही मानते हैं। इसलिए ममता बनर्जी और स्टालिन भी आशंकित हैं। ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव सब वोटर लिस्ट से भारत की व्यवस्था, लोकतंत्र, चुनाव आयोग, कोर्ट सभी के प्रति आशंकित और भयाकुल हैं। वही दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ दिन रात सोचते होते हैं कि वह क्या हो, जिससे भयाकुल हिंदू गोलबंद हों, वे सब कुछ भूलकर औरंगजेब के दुःस्वप्न देखें, मस्जिद देखें, मुसलमान देखें! तबी पूरा देश नफरत के दो मैदान में कनर्वट है। पक्ष से भी नफरत और विपक्ष से भी नफरत! दोनों से परे जो तटस्थ है उनका कुल आबादी में प्रतिशत नगण्य सा है। इसलिए सब कुछ एक्स्ट्रिम! इतना भयावह की जहरीले पानी को भी फर्जी सर्टिफिकेटों से 'अमृत' करार दिया जा रहा है! साल भर बाद एमके स्टालिन के आगे विधानसभा चुनाव है तो वे भी लोहे से लोहे को काटने के लिए लोगों को भड़काने, नफरत से गोलबंद करने की वही राजनीति कर रहे हैं जो मोदी के आइडिया ऑफ इंडिया का कामयाब नुस्खा है। इसलिए भारत के लोकतंत्र में राजनीति अब मध्यकाल से अधिक नफरती है।

(जीवन चिंतन)

## सजग रहे जीवन मे आने वाले पलों के लिए। मनोबल ऊंचा रखिये।

जीवन में कठिन परिस्थितियों कभी बता कर नहीं आतीं हैं, इसीलिए मनुष्य को हर कठिन तथा विषम परिस्थिति के लिए सदैव सजग तथा सावधान रहने की आवश्यकता है। खुशियां तथा अवसाद हर मनुष्य के जीवन के दो पहलू हैं अब यह आप पर निर्भर है कि आप इन परिस्थितियों को किस तरह अपने जीवन में आत्मसात कर संतुलित करते हैं। जीवन एक गणित की तरह है कभी-कभी दो और दो चार तथा कभी दो और दो पांच भी हो जाते हैं दो और दो पांच का मतलब विषम परिस्थितियों का सामना करना।वैसे भी जीवन मैं ऊंचाइयां पाने के लिए सदैव संघर्षरत रहना होता है। सिर्फ मानव प्रजाति में सोचने समझने और मुस्कुराने की शक्ति होती है। मनुष्य की सर्व चेतनाओं से परिपूर्ण होता है । पत्थरों में चेतना शून्य होती है, पेड़ पौधों में पल्लवित पुष्पित होती है,पशु पक्षियों में चलायमान होती है और मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें मानव मस्तिष्क चिंतन मनन कर किसी समस्या का समाधान निकालता हैंद्य यह सर्वविदित है कि मनुष्य का जीवन विभिन्न सामाजिक मानसिक संघर्षों का केंद्र होता हैद्य मनुष्य ने सदैव मानसिक शारीरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प के बलबूते पर हर समस्या पर समय-समय पर विजय प्राप्त की है, और अपने लक्ष्य को बड़ी दृढ़ता के साथ प्राप्त किया हैद्य मनुष्य के जीवन में जब उत्साह, ऊर्जा एवं अपनी क्षमताओं के उपयोग करने का पूर्ण रूप से आत्मविश्वास होता है तो वह परिस्थितियों का सामना बखूबी कर अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित करता हैद्य एक मानव प्रजाति ही ऐसी प्रजाति है जिसकी संकल्प शक्ति इतनी ऊर्जावान एवं महत्वपूर्ण होती है कि वह प्रगति की विविधताओं, विषमताओं एवं अपार शक्ति को भी आसानी से नियंत्रित कर लेता है एवं उसका स्वयं के लिए समाज के लिए देश के लिए सकारात्मक उपयोग करने में भी सक्षम होता हैद्य जीवन में मनुष्य को सदैव अपने आप को व्यस्त रख कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त व्यक्ति ही किसी कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचा सकता है ,खाली दिमाग सदैव शैतान का होता है एवं उसमें नकारात्मक विचार प्रवेश कर मन को मायूस कर देते हैंद्य आपका मन या मनोबल या संकल्प ही जब एकाग्र चित्त ऊर्जावान तथा शक्तिशाली होगा तो आपके सामने की कितना भी क्लिष्ट व कठिन लक्ष्य हो उसमें आप सफलता अवश्य पा सकेंगे।




मेष राशि -आज आपका दिन अच्छा रहेगा। पिता की सलाह से आपका बिजनेस बहुत ही अच्छा चलेगा। आज कोई भी फैसला लेते वक्त जल्दबाजी न करें। आप नया बिजनेस स्टार्ट करने के बारे में भी विचार करेंगे। टीम वर्क से आपका काम बहुत ही आसान होगा।

वृष राशि-आज आपका दिन आनंदमय रहेगा। आज आप अपने काम के प्रति निष्ठावान रहेंगे, जिससे बॉस आपसे प्रसन्न होगे। ससुराल पक्ष से आपको सपोर्ट मिलेगा। किसी से उधार लिया धन आज वापस कर देंगे जिससे आपकी टेंशन कम होगी। अपने परिवार वालों के साथ किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जाएंगे, जहां आप काफी एंजॉय करेंगे। आपकी माता का आपको बहुत ही सहयोग मिलेगा।

मिथुन राशि- आज आपका दिन बेहद ही खुशनुमा रहेगा। काफी दिनों से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से आज आपको छुटकारा मिलेगा, आप रिलैक्स फील करेंगे। आज आप कीमती वस्तु खरीदने का मन बनायेंगे। आपका करीबी मित्र आपसे आर्थिक मदद करने के लिए कहेंगे, आप उन्हें अपना सहयोग देंगे। इस राशि के जो स्टूडेंट सरकारी जॉब के लिए अप्लाई किये हैं उनके लिए जल्द ही सफलता के योग हैं, अपनी मेहनत जारी रखें।

कर्क राशि-आज आपका दिन बेहद खास पल लेकर आएगा। अपने जीवन में आ रही सभी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए किसी अच्छे सलाहकार से सलाह लेंगे, आपको जल्द ही समाधान मिल जायेगा। किसी इवेंट में पार्टिसिपेट का मौका मिलेगा, जहां आप अपने विचार रखेंगे। आज आपके शत्रु भी आपकी योजनाओं से प्रभावित होंगे, आपसे दोस्ती का हाथ बढ़ेंगे।

सिंह राशि-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज का दिन आपके लिए काफी भागदौड़ वाला रहेगा फिर भी आप अपना काम अच्छे तरीके से पूरा कर लेंगे। अपने दयालु स्वभाव के कारण किसी चतुर व्यक्ति का शिकार बन सकते हैं, थोड़ा सचेत रहें। प्राइवेट सेक्टर में जॉब कर रहे लोगों की सैलरी बढ़ने के योग बन रहे हैं, अपना काम पूरी ईमानदारी के साथ करें।

कन्या राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर में माता जी आज कोई धार्मिक कार्यक्रम करेंगी, आपको काफ़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। बड़े बुजुर्गों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। अपने सरल व्यवहार से आप दूसरों के दिलों पर राज करेंगे। इस राशि के जो लोग अपना नया बिजनेस स्टार्ट करना चाहते हैं, किसी अच्छे मुहूर्त पर ही करें, तो आपको साल भर लाभ ही लाभ होगा।

तुला राशि- आज आपका दिन बेहद ही उत्सुकतापूर्ण रहेगा। वैज्ञानिक आज लैब में नया परीक्षण करेंगे। आज आपकी घरेलू जिम्मेदारियां बढ़ेगी जिन्हें आप अच्छे से निभाएंगे। लवमेट को आज एक दूसरे को अच्छे से समझने का मौका मिलेगा, उनके बीच रिश्ते और मजबूत होंगे। बिजनेसमैन आज काफी व्यस्त रहने वाले हैं, अपने बिजनेस में तरक्की के लिए नयी तकनीकों का सहारा लेंगे।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। बिजनेसमैन आज जरूरी मीटिंग अटेंड करेंगे, जिसमें कई मुद्दों पर बातचीत होगी। आप को ज्यादा वर्क करना पड़ेगा इसलिए आप अपनी वर्किंग स्पीड मेंटेन करेंगे। आज साइंस के स्टूडेंट्स का प्रैक्टिकल एग्जाम होगा, पूरा दिन व्यस्तता से भरा रहेगा।

धनु राशि- आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लाया है। आज आपके आस-पास धार्मिक कार्यक्रम होगा जिसमें आपका परिवार शामिल होगा। आपका व्यापारिक दृष्टिकोण बढ़ेगा, जिससे अपने बिजनेस को बढ़ाने में सफल होंगे। आपके दोस्त आपसे कुछ डिमांड करेंगे जिसको पूरा करने में आप सक्षम होंगे।

मकर राशि- आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। पास के किसी मंदिर में दर्शन करने के लिए जाएंगे। काम के सिलसिले में आपको किसी दूसरे राज्य भी जाना पड़ सकता है। इस राशि के जिन महिलाओं को अपना बिजनेस स्टार्ट करना है उनके लिए आज अच्छा दिन है।

कुंभ राशि- आज का दिन आप लोगों के लिए व्यस्तता से भरा रहेगा। किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बनायेंगे। आज आपका मुकदमे से संबंधी मामला सॉल्व होगा, जिससे आपकी उलझन कम होगी। अपने स्वास्थ्य को फिट रखने के लिए आप अपनी डाइट में हरी सब्जियों को एड करेंगे। नौकरी कर रहे लोगों के लिए समय अच्छा है। आज अचानक धन लाभ होने से आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा।

मीन राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। किसी से चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी। आज ऑफिस में बॉस द्वारा पार्टी मिलेगी जिसे सभी लोग एंजॉय करेंगे। इस राशि की माताएं अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कुछ ठोस कदम उठाएंगी। आँखों की समस्या के लिए आप किसी नेत्र विशेषज्ञ से परामर्श लेंगे। इस राशि वाले छात्रों के लिए फार्म भरने संबंधी कार्य के लिए आज का दिन शुभ है। उचित दिशा में की गयी मेहनत का आपको पूरा फल मिलेगा। आज का दिन लवमेट के लिए अच्छा रहने वाला है।

# आग न लगती तो न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का धुंवा न उठता!

**श्रीगोपाल नारसन**

दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर आग लगने की घटना ने भ्र्ष्टाचार की आग को हवा दे दी है। आग बुझाने के दौरान फायर ब्रिगेड को जज के घर से लगभग 15 करोड़ नकदी मिलने की खबर ने देश भर में हंगामा मचा दिया है। इस घटना के बाद सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस वर्मा को उनके मूल कोर्ट, इलाहाबाद हाई कोर्ट में ट्रांसफर करने का फैसला लिया, और अब मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने उनके खिलाफ जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति भी गठित कर दी है। सन 2009 में भी पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के जज जस्टिस निर्मल यादव पर 15 लाख रुपये की रिश्वत लेने का आरोप लगा था, इस मामले में एक वकील ने दावा किया था कि उसने गलती से रिश्वत की राशि गलत जज के घर भेज दी थी, जिसके बाद यह मामला चर्चाओं में रहा ।मद्रास हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पी.डी. दिनाकरण पर तमिलनाडु में अवैध जमीन अर्जित करने और आय से अधिक संपत्ति के एकत्र करने के आरोप लगे थे,उनके खिलाफ 16 शिकायतें दर्ज की गईं थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उनकी सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति रोक दी थी,जांच के दबाव में उक्त जज ने सन 2011 में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।इसी प्रकार सन 2017 में कलकत्ता हाई कोर्ट के जज जस्टिस सी.एस. कर्णन ने सुप्रीम कोर्ट के कई जजों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे,उनके खिलाफ अवमानना का मामला भी चला, और उन्हें छह महीने की जेल भी हुई।सन 2018 में सुप्रीम कोर्ट के चार वरिष्ठ जजों ने पत्रकार वार्ता कर तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा पर मनमाने ढंग से केस बांटने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था, भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ था कि जज अपनी ही न्यायपालिका पर पत्रकार वार्ता कर सवाल खड़े कर रहे थे।वही सन 2021 में मुंबई हाई कोर्ट में जज रहे एक न्यायमूर्ति पर रिश्वत लेकर फैसले देने के आरोप लगे थे, बाद में यह मामला जांच के अभाव में ठंडे बस्ते में चला गया। न्यायपालिका में जवाबदेही की कमी और पारदर्शिता का अभाव इन समस्याओं को



बढ़ावा दे रहा है।भृष्ट जजो को हटाने का महाभियोग ही एकमात्र संवैधानिक उपाय है, लेकिन अब तक इसका भी सफल इस्तेमाल नहीं हो पाया है।हालांकि

न्यायाधीश यशवंत वर्मा का कहना है कि जिस कमरे में नोटों की गड्डियां मिलीं, वह उनके मुख्य आवास से अलग है और कई लोग इसका इस्तेमाल करते हैं।दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय को भेजे अपने एक लंबे स्पष्टीकरण में न्यायमूर्ति वर्मा ने कहा कि 14 मार्च की देर रात होली के दिन दिल्ली में उनके आधिकारिक आवास के स्टाफ क्वार्टर के पास स्थित स्टोर रूम में आग लग गई थी। इस कमरे का इस्तेमाल आम तौर पर सभी लोग पुराने फर्नीचर, बोतलें, क्रॉकरी, गद्दे, इस्तेमाल किए गए कालीन, पुराने स्पीकर, बागवानी के उपकरण और सीपीडब्ल्यूडी की सामग्री जैसे सामान रखने के लिए करते थे,यह कमरा खुला है और सामने के गेट के साथ-साथ स्टाफ क्वार्टर के पिछले दरवाजे से भी इसमें प्रवेश किया जा सकता है।यह मुख्य आवास से अलग है और निश्चित रूप से मेरे घर का कमरा नहीं है, जैसा कि बताया जा रहा है।वही वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने जज के यहां भारी मात्रा में नकदी मिलने को लेकर चिंता जताई है। सिब्बल ने न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के मुद्दे को गंभीर बताया है।भ्रष्टाचार कम होने के दावों पर सवाल उठाते हुए सिब्बल ने कहा,भ्रष्टाचार एक गंभीर मुद्दा है और पीएम मोदी के भ्रष्टाचार कम होने के दानों के बावजूद यह बढ़ा है। जब लोकपाल को लेकर प्रदर्शन हुआ था, तब सभी राजनीतिक दल कांग्रेस पर आरोप लगाते थे। इसके बाद लोकपाल बिल आ गया, लेकिन क्या हुआ। सरकार गिरा दी गई और इसके बाद कुछ नहीं किया गया। न केजरीवाल ने कुछ किया और न ही प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ किया। बस एक लोकपाल को बैठा दिया गया।राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने दावा किया कि लोगों का न्यायिक प्रणाली में विश्वास कम हो रहा है। सिब्बल ने कहा कि विकल्प तभी मिल सकते हैं, जब सरकार और न्यायपालिका दोनों स्वीकार करें कि न्यायाधीशों की नियुक्ति सहित मौजूदा प्रणालियां कारगर नहीं रह गई हैं।

दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के घर आग लगने के बाद भारी मात्रा में कैश मिलने पर मचे विवाद के बीच इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने कहा कि मामले की जांच इन-हाउस कमेटी से नहीं बल्कि सीबीआई या ईडी से होनी चाहिए। उन्होंने जस्टिस वर्मा के लिए जेल की सजा की मांग की।दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीके उपाध्याय ने अपनी रिपोर्ट में पुलिस कमिश्नर द्वारा भेजी गईं कुछ रिपोर्टों को भी शामिल किया है जिसमें ये कहा गया है कि स्टोर रूम में 4-5 अधजली बोरियों में कैश मिला है।जस्टिस डीके उपाध्याय ने लिखा है कि उनकी जाँच के मुताबिक़ स्टोर रूम में केवल घर में रहने वाले लोगों, नौकरों और मालियों का आना जाना था, इसलिए इस मामले में और जांच की ज़रूरत है।पुलिस कमिश्नर ने जस्टिस डीके उपाध्याय के साथ कुछ फ़ोटो और एक वीडियो भी शेयर किए हैं,जिनमें एक कमरे में नोट जलते दिख रहे हैं।जस्टिस डीके उपाध्याय का कहना है कि उन्होंने ये फ़ोटो और वीडियो सुप्रीम कोर्ट के चीफ़ जस्टिस संजीव खन्ना को भी भेजीं है और इन्हें जस्टिस यशवंत वर्मा को भी दिखाया है।

(लेखक ज्वलंत मुद्दों के टिप्पणीकार व वरिष्ठ अधिवक्ता है)

## मैं तमिलनाडु में हूं नहीं आ पाऊंगा... मुंबई पुलिस के समन पर बोले कुणाल कामरा, शिंदे बोले-हर चीज की सीमा होनी चाहिए

मुंबई (आरएनएस)। एकनाथ शिंदे पर टिप्पणी के मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा को मुंबई की खार पुलिस ने समन भेजा है और उन्हें आज जांच अधिकारी के सामने पेश होने को कहा है। कुणाल अभी मुंबई में नहीं हैं। पुलिस ने कुणाल कामरा के जोक को लेकर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, जिसे आगे की जांच के लिए खार पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस ने कामरा को वॉट्सऐप के जरिए समन भेजा है। उन्होंने पुलिस से कहा कि मैं तमिलनाडु में हूंन्हीं आ पाऊंगा।



बीते दिन कामरा ने पुलिस से कहा था कि वह एकनाथ शिंदे पर अपने कटाक्ष के लिए 'माफी नहीं मांगेंगे', लेकिन उन्होंने कहा कि वह कानून का पालन करेंगे। कामरा ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि वह जांच में सहयोग करेंगे, लेकिन फिलहाल वह मुंबई में नहीं हैं। कुणाल कामरा के यूट्यूब और इंस्टाग्राम हैंडल पर अपलोड किए गए स्टैंड-अप शो ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के समर्थकों को नाराज कर दिया है, उन्होंने रविवार को मुंबई में उस जगह पर तोड़फोड़ की, जहां इस शो को शूट गया था और साथ ही उन्हें 'स्वतंत्र रूप से घूमने' की धमकी भी दी।

एकनाथ शिंद पर किए गए जोक को लेकर शिवसेना विधायक मुरजी पटेल ने कुणाल कामरा के खिलाफ एफआईआर दर्ज रवाई थी, वहीं पश्चिमी मुंबई में खार पुलिस ने यूनिकॉन्टिनेंटल द हैबिटेट में तोड़फोड़ करने के आरोप में शिवसेना के राहुल कनाल और विभाग प्रमुख श्रीकांत सरमालकर को अन्य लोगों के साथ हिरासत में लिया था।

वहीं दूसरी तरफ कॉमेडियन कुणाल कामरा की तरफ से किए गए जोक पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि बोलने की आजादी है, लेकिन हर चीज की एक सीमा होनी चाहिए। मुंबई में आयोजित एक शो के दौरान कामरा ने बगैर नाम लिए शिवसेना प्रमुख पर 'गद्दार' और 'ठाणे का रिक्शा' जैसे तंज कसे थे। खबर है कि कामरा को मुंबई पुलिस ने तलब किया है।

### नागपुर हिंसा के मुख्य आरोपियों को बड़ी राहत, घर तोड़ने पर कोर्ट ने लगाई रोक; प्रशासन को फटकारा

नागपुर , (आरएनएस)। महाराष्ट्र के नागपुर में हुए हिंसा मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने मुख्य आरोपी फहीम खान और यूसुफ शेख को बड़ी राहत प्रदान की है। अदालत ने इस मामले में प्रशासन की कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए उसे फटकार भी लगाई है। फहीम खान और यूसुफ शेख की संपत्तियों को गिराने पर हाई कोर्ट ने तत्काल रोक लगा दी है। कोर्ट ने संपत्ति मालिकों की सुनवाई न किए जाने पर चिंता व्यक्त की है।

हालांकि, अदालत का आदेश पारित होने से पहले ही सोमवार दोपहर को फहीम खान की संपत्ति को ध्वस्त कर दिया गया था। कोर्ट ने सरकार और नगर निगम के अधिकारियों को इस संबंध में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है और मामले की अगली सुनवाई 15 अप्रैल को निर्धारित की है। आज ही नगर निगम ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में फहीम खान के दो मंजिला मकान को अवैध बताते हुए गिरा दिया था।

अधिकारियों के अनुसार, महल इलाके में स्थित आरोपी यूसुफ शेख के मकान के अवैध हिस्से को भी ढहा दिया गया है। माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता फहीम खान के खिलाफ 17 मार्च को हुई हिंसा के मामले में राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। वह उस हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए 100 से अधिक लोगों में शामिल हैं।

सूत्रों की मानें तो नागपुर नगर निगम ने कुछ दिन पहले फहीम खान को नोटिस जारी किया था, जिसमें उनके मकान के लिए हाउसिंग प्लान की मंजूरी न होने और निर्माण में कमियों का उल्लेख किया गया था। इसके बाद यशोधरा नगर क्षेत्र की संजय बाग कॉलोनी में स्थित उनके मकान को सुबह करीब साढ़े 10 बजे नगर निगम की तीन जेसीबी मशीनों की सहायता से गिराना शुरू कर दिया गया था।

### सीबीआई का बड़ा एक्शन : एनएचएआई के जीएम को 15 लाख रिश्वत लेते दबोचा, पटना में महाप्रबंधक के पास से 1.18 करोड़ मिले

पटना (आरएनएस)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने बिहार की राजधानी पटना में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। एजेंसी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पटना क्षेत्रीय कार्यालय के महाप्रबंधक रामप्रीत पासवान को 15 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई से एनएचएआई कार्यालय में हड़कंप मच गया।

सीबीआई की टीम ने रिश्वत की रकम बरामद करने के तुरंत बाद अधिकारी को हिरासत में ले लिया। इसके बाद सीबीआई ने रामप्रीत पासवान के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की, जहां से उन्हें 1।18 करोड़ रुपये की भारी नकदी बरामद हुई है। यह बरामदगी भ्रष्टाचार के व्यापक फैलाव की ओर इशारा करती है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी 24 सितंबर 2022 को सीबीआई ने पटना में ही भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) और एक उप महाप्रबंधक (डीजीएम) को दो निजी कंपनी के कर्मचारियों के साथ रिश्वतखोरी के एक मामले में गिरफ्तार किया था। उस कार्रवाई में लगभग 76 लाख रुपये नकद और गहने बरामद हुए थे। यह ताजा कार्रवाई एनएचएआई में भ्रष्टाचार के खिलाफ सीबीआई की मुहिम को दर्शाती है।

### पुलिस के साथ मुठभेड़ में 15 हजार का इनामी सुपारी किलर गिरफ्तार

बुलंदशहर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में सिकंदराबाद थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 हजार रुपये के इनामी सुपारी किलर साजिद उर्फ साहिल को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। यह मुठभेड़ सिकंदराबाद थाना क्षेत्र के हाइवे के पास कावरा रोड पर हुई। दिल्ली निवासी साजिद ने मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। इस कार्रवाई में साजिद के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। उसे तुरंत गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा, कारतूस और एक बाइक बरामद की है।

### मेरठ मर्डर का असर, पत्नी ने पति का सिर फोड़ा, बोली- काटकर ड्रम में डाल दूंगी

मेरठ (आरएनएस)। मेरठ शहर में एक घरेलू विवाद ने उस समय सनसनी फैला दी जब एक पत्नी ने अपने पति पर ईंट से हमला कर दिया। इस घटना ने हाल ही में हुए सौरभ राजपूत हत्याकांड की यादें ताजा कर दीं, जिसमें पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी थी।कंकरखेड़ा क्षेत्र के हाईवे स्थित एक कॉलोनी में रहने वाले एक युवक ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी अक्सर उससे झगड़ा करती है। रविवार रात जब वह शराब पीकर घर पहुंचा तो उनका फिर से विवाद हो गया। युवक ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी ने पहले उसे दांतों से काटा और फिर सुबह नींद से उठने पर धमकी दी कि यदि वह नहीं उठा तो ईंट मार देगी। जब युवक ने विरोध किया तो पत्नी ने कथित तौर पर ईंट से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। युवक के चेहरे पर नाखून के निशान भी पाए गए हैं।

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि झगड़े के दौरान उसकी पत्नी ने उसे धमकी दी कि यदि वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो वह उसे ब्रह्मपुरी में हुए सौरभ राजपूत हत्याकांड की तरह काटकर ड्रम में भर देगी।

घटना के बाद महिला अपने दो बच्चों के साथ थाने पहुंची, जबकि खून से लथपथ युवक अपने पिता के साथ थाने गया और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। वहीं, पत्नी ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए पुलिस को बताया कि उसका पति मजदूरी के पैसे शराब में उड़ा देता है, जिसके कारण घर का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है और इसी बात को लेकर उनका झगड़ा होता रहता है।

### एससी कॉलेजियम ने की न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट वापस भेजने की सिफारिश, सरकार जल्द लेगी फैसला

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने सोमवार को केंद्र से न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेजने की सिफारिश की। दिल्ली उच्च न्यायालय के दूसरे सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति वर्मा राष्ट्रीय राजधानी में अपने बंगले से जुड़े स्टोररूम में कथित तौर पर जली हुई नकदी का एक बड़ा ढेर पाए जाने के विवाद में उलझे हुए हैं। 14 मार्च को आग बुझाने के लिए अग्निशमन दल वहां गया था, तब बड़ी मात्रा में नकदी मिली थी।

न्यायिक गलियारों में खलबली मचा देने वाली इस घटना के बाद, मुख्य न्यायाधीश खन्ना ने शुक्रवार को मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की और दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से कहा कि फिलहाल न्यायमूर्ति वर्मा कोई न्यायिक कार्य न सौंपा जाए। इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय ने अगले आदेश तक न्यायमूर्ति वर्मा से न्यायिक कार्य वापस ले लिया था। दिल्ली उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड एक नोटिस में कहा गया है, हाल की घटनाओं के मद्देनजर, माननीय न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से न्यायिक कार्य तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक वापस ले लिया गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (लिस्टिंग) द्वारा जारी एक अन्य नोटिस में कहा गया है, माननीय डीबी-III के कोर्ट मास्टर आज माननीय डीबी-III के समक्ष सूचीबद्ध मामले में तारीखें देंगे। सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किए गए एक बयान में कहा गया, सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम ने 20 और 24 मार्च को हुई अपनी बैठकों में दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेजने की सिफारिश की है। इससे पहले, सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि न्यायमूर्ति वर्मा को उनके मूल उच्च न्यायालय यानी इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव स्वतंत्र और इन-हाउस जांच प्रक्रिया से अलग है।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दी अरविंद सिंह मेवाड़ को श्रद्धांजलि, परिवार से मिलकर जताई संवेदना

उदयपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को उदयपुर पहुंचे, जहां उन्होंने दिवंगत अरविंद सिंह मेवाड़ को श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम डबोक एयरपोर्ट पहुंचे, जहां भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

मुख्यमंत्री एयरपोर्ट से सीधे सिटी पैलेस स्थित शंभू निवास पहुंचे। यहां उन्होंने मेवाड़ राजघराने के दिवंगत सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ को पुष्पांजलि अर्पित की और उनके पुत्र डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं।

इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी, निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी सहित उदयपुर शहर व देहात भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### लालू यादव की 'इफ्तार पार्टी' से कांग्रेस नेता नदारद, जेडीयू ने कहा- उनके कर्मों में कोई भागीदार नहीं बनना चाहता

पटना (आरएनएस)। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले 'इफ्तार पार्टी' का सिलसिला जारी है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता लगातार 'इफ्तार पार्टी' दे रहे हैं। इस बीच, आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव की तरफ से 'इफ्तार पार्टी' का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस नेताओं ने दूरी बनाए रखी। लालू यादव की इफ्तार पार्टी से कांग्रेस नेताओं की दूरी पर जेडीयू ने सवाल उठाया है।



आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव की इफ्तार पार्टी में कांग्रेस नेताओं के शामिल न होने पर जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, इफ्तार का मजा तब खत्म हो जाता है जब दोस्त इससे दूर रहते हैं। कांग्रेस अब दूर खड़ी है, सारे रिश्ते टूट चुके हैं। लालू प्रसाद ने उन्हें (कांग्रेस) इफ्तार के लिए बुलाया था, लेकिन कांग्रेस आई ही नहीं। न सहयोगी और न रिश्तेदार, कोई भी उनके (लालू प्रसाद) कर्मों का भागीदार बनने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने जो पाप किया है, इसी कारण सारे साथी उन्हें छोड़ गए। बेटा भी अब दूर खड़ा है और पोस्टर से भी नाम गया।

बता दें कि राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने पटना में सोमवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया था। इस इफ्तार पार्टी में कांग्रेस के नेता नजर नहीं आए, जबकि इफ्तार के लिए महागठबंधन के सभी नेताओं को आमंत्रित किया गया था।

आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव की ओर से दावत-ए-इफ्तार पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी के सरकारी आवास पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के साथ गणमान्य लोगों और महागठबंधन के सभी दलों के नेताओं ने शिरकत की। सभी मेहमानों का लालू यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और अब्दुल बारी सिद्दीकी ने स्वागत किया।

### महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2500 रुपए, दिल्ली की सीएम ने पेश किया 1 लाख करोड़ रुपए का बजट

नई दिल्ली (आरएनएस)। आज दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पहली बार 1 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। बजट में महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपए का प्रावधान है। दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए दिए जाएंगे। यमुना और सीपेज की सफाई के लिए 9 हजार करोड़ रुपए का बजट है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आयुष्मान योजना के लिए 2144 हजार करोड़ का बजट रखा है। केंद्र सरकार से 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज तो मिलेगा ही। दिल्ली की सीएम ने प्रदेश में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लिए 320 करोड़ रुपये का प्रावधान करने की घोषणा की। दिल्ली सीएम ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए दिल्ली सरकार प्रतिबध है।उन्होंने कहा कि सरकार वैकल्पिक हेल्थ केयर की दिशा में भी काम करेगी। इसके लिए आयुष पर जोर दिया जाएगा। सीएम रेखा ने कहा- मैं आपके माध्यम से दिल्ली की जनता को ये बताना चाहती हूं कि आज तक की सरकारों के राज में 2023 में 78 हजार 800 करोड़ का बजट था। 24-25 का बजट घटकर सिर्फ 76 हजार करोड़ रह गया। ये दिल्ली में सबसे खराब स्थिति थी। इस बार का दिल्ली का बजट एक लाख करोड़ रुपये का है। ये ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि मैं बजट पेश कर रही हूं। आज का बजट साधारण नहीं है। दिल्ली की जनता और पूरा देश सदन के माध्यम से बजट सुन रहा है।

## 2 हजार करोड़ की जीएसटी चोरी मामला : मिराज ग्रुप के सीएमडी मदनलाल पालीवाल को सशर्त जमानत

उदयपुर आरएनएस)। मिराज ग्रुप से जुड़े 2 हजार करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी के मामले में आर्थिक अपराध मामलों की विशेष अदालत (ACJM कोर्ट) ने सीएमडी मदनलाल पालीवाल और प्रकाशचन्द्र पुरोहित को सशर्त जमानत दे दी है। अदालत ने दोनों आरोपियों को निर्देश दिए हैं कि वे बिना अनुमति देश नहीं छोड़ेंगे और अनुसंधान अधिकारी को जांच में पूरा सहयोग देंगे।

**कैसे उलझे आरोपी ?**

विशेष आर्थिक अपराध न्यायालय ने 3 अगस्त 2024 को मामले में प्रसंज्ञान लेते हुए आरोपियों के गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। सैशन कोर्ट ने इन्हें जमानती वारंट में बदलने से




इनकार कर दिया था, जिसके बाद दोनों आरोपी हाईकोर्ट पहुंचे।

**हाईकोर्ट से मिली राहत**

आरोपियों की ओर से पेश अधिवक्ता दीपक चौहान ने कोर्ट में दलील दी कि गैर-जमानती वारंट जारी करना अनुचित है क्योंकि आरोपी जांच में सहयोग को तैयार हैं। इस पर हाईकोर्ट ने गैर-जमानती वारंट को जमानती वारंट में बदलने के आदेश दिए। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि आरोपी निश्चित समय में ट्रायल कोर्ट के समक्ष उपस्थित होंगे, तो उन्हें हिरासत में नहीं माना जाएगा।जब आरोपी नियमित जमानत के लिए कोर्ट पहुंचे, तो जीएसटी इंटेलिजेंस विभाग ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। विभाग ने बताया कि फर्जी फर्मों के नाम पर पैकेजिंग सामग्री की आपूर्ति कर कच्चा माल मिराज प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड तक पहुंचाया गया, जिससे हजारों करोड़ रुपये की कर चोरी हुई।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में राज्य की शासन नीति के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कल्याणकारी सहायता वितरित करते हुए.

## औरैया हत्याकांड : शादी के 15 दिन बाद पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर करा दी पति की हत्या, 2 लाख में सुपारी किलर से हुई थी डील

औरैया ,(आरएनएस)। यूपी के मेरठ के सौरभ हत्याकांड की तरह औरैया में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की सुपारी देकर हत्या करवा दी। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए पत्नी, प्रेमी और सुपारी किलर को गिरफ्तार कर लिया है।

19 मार्च को औरैया के सहार थाना क्षेत्र के पलिया गांव में दिलीप नाम का शख्स घायल अवस्था में गेहूं के खेत में पड़ा मिला था। इसके बाद ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस उसे अस्पताल लेकर गई। लेकिन, इलाज के दौरान दिलीप की मौत हो गई। वहीं, पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया।



औरैया के एसपी अभिजित आर. शंकर ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि 19 मार्च 2025 को 112 नंबर पर एक आपातकालीन कॉल आई, जिसमें बताया गया कि औरैया जिले के सहार थाना क्षेत्र में एक घायल व्यक्ति गेहूं के खेत में पड़ा है। शुरुआत में ऐसा लगा कि व्यक्ति पर अज्ञात व्यक्तियों ने हमला किया है। बाद में पीड़ित की पहचान दिलीप यादव के रूप में हुई, जो मूल रूप से मैनपुरी का रहने वाला था, लेकिन औरैया के दिबियापुर इलाके में रहता था।

उन्होंने आगे कहा, घटना की जांच में जुटी पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू किए, जिसमें दिलीप को सुपारी किलर रामजी नागर किसी काम के बहाने अपनी बाइक पर बैठाकर खेतों की तरफ ले जाता दिखाई दिया। इस पर पुलिस ने रामजी नागर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। इसी दौरान गांव के ही रहने वाले अनुराग यादव को भी गिरफ्तार किया गया, जो मृतक की पत्नी के गांव का निवासी है। एसपी अभिजित आर. शंकर ने बताया, दिलीप यादव की 5 मार्च 2025 को प्रगति यादव के साथ शादी हुई थी। प्रगति और अनुराग एक ही गांव के रहने वाले थे और दोनों के बीच करीब 4 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उन दोनों के अफेयर के बारे में परिवार को जानकारी थी, लेकिन शादी की इजाजत नहीं दी गई।

### छात्रों के बढ़ते खुदकुशी के मामलों पर SC का बड़ा एक्शन, नेशनल टास्क फोर्स का गठन; 4 महीने में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश

नई दिल्ली(आरएनएस)। देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों, कोचिंग सेंटरों और हॉस्टलों में छात्रों द्वारा आत्महत्या के बढ़ते मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने गहरी चिंता व्यक्त की है। छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट ने एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने सोमवार को सुनवाई के दौरान कहा कि पिछले दो महीनों में कॉलेज हॉस्टलों में यौन शोषण, रैगिंग, भेदभाव और अन्य कारणों से कई छात्रों ने आत्महत्या कर ली है। कोर्ट ने 19 मार्च को गुजरात की लॉ यूनिवर्सिटी में एक छात्र द्वारा की गई आत्महत्या का विशेष उल्लेख किया।

बेंच ने आईआईटी पटना में पिछले महीने हुई इसी तरह की घटना का भी जिक्र किया, जहां एक छात्र ने पढ़ाई के दबाव में अपनी जान दे दी। इसके अतिरिक्त, ओडिशा के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में एक नेपाली छात्र की आत्महत्या का मामला भी सामने आया था, जिसने एक साथी छात्र पर यौन शोषण और ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया था। केरल के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में रैगिंग के चलते एक छात्र ने आत्महत्या कर ली थी। बेंच में शामिल जस्टिस आर महादेवन ने कहा, हमें आत्महत्याओं के पैटर्न पर विचार करना होगा। यह चिंताजनक है कि बड़ी संख्या में छात्र भेदभाव, रैगिंग और यौन शोषण के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालयों और छात्रों के अभिभावकों को मिलकर प्रयास करने के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने हेतु यह टास्क फोर्स बनाई गई है। इस टास्क फोर्स का नेतृत्व सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस एस रवींद्र भट करेंगे। टास्क फोर्स में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव, सामाजिक न्याय मंत्रालय के सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव और कानून मंत्रालय के सचिव भी शामिल होंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने इस टास्क फोर्स को छात्रों की आत्महत्याओं के पीछे के कारणों का पता लगाने और उन्हें रोकने के लिए उठाए जाने वाले संभावित कदमों पर एक विस्तृत रिपोर्ट चार महीने के भीतर सौंपने का निर्देश दिया है।

गौरतलब है कि 2023 में आईआईटी दिल्ली के हॉस्टल में भी दो छात्रों ने आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद उनके माता-पिता ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कैंपस में शोषण का आरोप लगाया था।

# रोम में छुट्टियां मना रहीं गौरी खान, बताया पसंदीदा शहर



अभिनेता शाहरुख खान की पत्नी और इंटीरियर डिजाइनर गौरी खान रोम में छुट्टियां मना रही हैं। गौरी ने रोम को अपना पसंदीदा शहर बताया।गौरी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उनके साथ मां सविता और कुछ दोस्त भी नजर आए। वीडियो में इटरनल सिटी के खूबसूरत नजारे भी दिखे। वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए गौरी खान ने कैप्शन में लिखा, प्रकृति, यात्रा, कला, फैशन और व्यक्तिगत अनुभव सभी प्रेरणा के बेहतरीन स्रोत हैं... मेरा पसंदीदा शहर रोम।बता दें, हाल ही में गौरी की बेटी सुहाना खान अपने खास दोस्त अगस्त्य नंदा के साथ एक रेस्टोरेंट में नजर आई थीं। अभिनेत्री डेनिम पैंट के साथ ब्लैक टॉप पहने रेस्टोरेंट से बाहर निकलती नजर आई थीं। उन्होंने अपने लुक को स्टाइलिश हैंडबैग, रिस्ट वॉच और खुले बालों के साथ पूरा किया।कुछ समय पहले सुहाना मुंबई में अगस्त्य के साथ डिनर डेट पर नजर आई थीं। दोनों के साथ अगस्त्य की मां श्वेता बच्चन नंदा भी दिखी थीं। इन तीनों के रेस्टोरेंट से बाहर निकलते हुए कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए।क्लिप में अगस्त्य और श्वेता को रेस्टोरेंट से बाहर निकलते और अपनी कार में बैठते हुए दिखाया गया, जबकि सुहाना को अपनी सवारी का इंतज़ार करते हुए देखा गया।बता दें, सुहाना और अगस्त्य ने जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस प्रोजेक्ट में खुशी कपूर, वेदांग रैना, मिहिर आहूजा, डॉट और युवराज मेंडा मुख्य कलाकार के रूप में नजर आए थे।2023 में ओटीटी पर रिलीज हुई 'द आर्चीज' 1960 के एनिमेटेड कार्टून 'द आर्ची शो' में दिखाई देने वाले काल्पनिक रॉक बैंड द आर्चीज' का रूपांतरण है।सुहाना खान जल्द ही सिद्धार्थ आनंद की फिल्म 'किंग' में पहली बार अपने पिता शाहरुख खान के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में अभिषेक बच्चन और अभय वर्मा भी मुख्य भूमिकाओं में होंगे। दूसरी ओर, अगस्त्य श्रीराम राघवन की फिल्म 'इक्कीस' में अभिनय करेंगे। वह फिल्म में परमवीर चक्र के सबसे कम उम्र के प्राप्तकर्ता अरुण खेत्रपाल की भूमिका निभाते नजर आएंगे।

# एक्ट्रेस रश्मिका को जिम में पसीना बहाना पसंद, वर्कआउट की फोटो शेयर की

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का सोशल मीडिया फीड इस बात का सबूत है कि दिवा को जिम में पसीना बहाना पसंद है।

फिटनेस से जुड़ी हुई अपनी सीरीज कोई भी मुझे वो काम करने से नहीं रोक सकता जो मुझे पसंद है के हिस्से के रूप में, एनिमल एक्ट्रेस ने एक बार फिर इंस्टाग्राम पर फिटनेस के लिए अपने प्यार को शेयर किया।



रश्मिका ने वर्कआउट के बाद की कुछ फोटो शेयर कीं, जिसमें उनके एब्स और आकर्षक मुस्कान दिखाई दे रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, चाहे कहीं भी, कैसे भी, किसी भी अवस्था में क्यों न हो... मैं हमेशा वर्कआउट करने का कोई न कोई तरीका ढूंढ ही लूंगी.... मुझे वो काम करने से कोई नहीं रोक सकता जो मुझे पसंद है... पार्ट–2।

इससे पहले, रश्मिका ने सीरीज के भाग एक में खाने के प्रति अपने प्यार के बारे में बात की थी, कोई भी मुझे वो काम करने से नहीं रोक सकता जो मुझे पसंद है।

वह आम के हलवे का लुत्फ़ उठाती नज़र आईं। पुष्पा एक्ट्रेस नीले डेनिम के साथ काले रंग के टैंक टॉप में स्टाइलिश दिखीं। रश्मिका ने कैप्शन में लिखा, कोई भी मुझे वो काम करने से नहीं रोक सकता जो मुझे पसंद है! पार्ट–1! रश्मिका के प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह सलमान खान के साथ बहुप्रतीक्षित फिल्म सिकंदर में स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी।

ए.आर. मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित सिकंदर का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है। सलमान और रश्मिका के अलावा, इस फिल्म में काजल अग्रवाल, सत्यराज, शरमन जोशी और प्रतीक बब्बर भी अहम भूमिका में हैं।

# अनुष्का रंजन ने पति आदित्य सील को बताया 'लव ऑफ लाइफ'





अभिनेत्री अनुष्का रंजन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो मोंटाज शेयर कर बताया कि अभिनेता-पति आदित्य सील का 37वां जन्मदिन उन्होंने कैसे मनाया। रंजन ने कहा कि सील के बिना उनका जीवन अधूरा है। इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री अनुष्का रंजन ने कैप्शन में अपने दिल की बात कही, उन्होंने लिखा, मैंने पिछले 72 घंटे अपने प्यार आदित्य सील के जन्मदिन का जश्न मनाते हुए बिताए। आदित्य की तारीफ करते हुए अनुष्का ने आगे लिखा, आदित्य मेरे हर सपने और इच्छा पूरी करने में लगा रहता है और मैं आज इस (जन्मदिन) मौके पर बस यह बताना चाहती हूं कि मेरा जीवन तुम्हारे और तुम्हारे खूबसूरत दिल के बिना अधूरा है। तुम पिछले 7 सालों से मेरे प्यार और सहारे का स्तंभ रहे हो। मैं हमारे आने वाले बेहतरीन समय को लेकर उत्साहित हूं। तुम जादू हो, प्यार हो, जिंदगी हो और मेरा सब कुछ हो! मैं तुमसे बहुत प्यार करती हूं।

शेयर किए गए क्लिप की शुरुआत आदित्य से होती है, जो अनुष्का के साथ ड्राइव का आनंद लेते नजर आए। इसके बाद दोनों रेस्टोरेंट में स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाते और सड़कों पर घूमते नजर आए। अनुष्का ने वीडियो के बैकग्राउंड में मार्क-कीज के गाने %माई स्वीट बेबी% को भी जोड़ा। पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए आदित्य ने कमेंट सेक्शन में लिखा, मुझे यह पसंद है... लेकिन तुम ज्यादा पसंद हो।

बता दें, अनुष्का और आदित्य की मुलाकात एक कार्यक्रम के दौरान हुई थी। दोनों के बीच दोस्ती हुई और फिर दोस्ती प्यार में बदल गई। जानकारी के अनुसार, आदित्य ने अनुष्का को पेरिस में प्रपोज किया था। कुछ समय तक एक-दूसरे के साथ रहने के बाद दोनों ने 21 नवंबर, 2021 को मुंबई में शादी कर ली थी।

आदित्य के अभिनय करियर पर नजर डालें तो साल 2002 में आई फिल्म %एक छोटी सी लव स्टोरी% के साथ शुरुआत की। फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री मनीषा कोइराला थीं। इसके बाद वह %स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2%, %तुम बिन 2% समेत कई सफल फिल्मों का हिस्सा रहे।

# 31 साल छोटी अभिनेत्री के साथ काम करने पर सलमान खान बोले, 'रश्मिका और उनके पिता को एतराज नहीं'

हिंदी फिल्मों के सुपरस्टार सलमान खान अपने फैंस को ईद पर अपनी आगामी फिल्म 'सिकंदर'के साथ ईदी देंगे। रविवार को सलमान खान ने अपने फैंस के साथ फिल्म का ट्रेलर जारी किया। सलमान खान के इस ट्रेलर को फैंस की ओर से भरपूर प्यार मिला है। फैंस अब 30 मार्च का इंतजार कर रहे हैं, जब फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी।रविवार को सलमान खान और रश्मिका मंदाना 'सिकंदर' के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां उनसे फिल्म में बॉलीवुड सुपरस्टार द्वारा छोटी अभिनेत्रियों के साथ काम करने के बारे में पूछा गया। हिंदी सिनेमा के भाईजान कहे जाने वाले इस अभिनेता ने मीडिया को बहुत ही व्यावहारिक जवाब देते हुए कहा, मेरे और हीरोइन के बीच 31 साल का अंतर है। हीरोइन को यह समस्या नहीं है। हीरोइन के पिता को यह समस्या नहीं है, तो आप लोगों को क्या समस्या है। सलमान जिस वक्त यह जवाब दे रहे थे। रश्मिका के चेहरे पर हंसी रुकने का नाम नहीं ले रही थी।सलमान खान ने आगे कहा कि जब इनकी शादी हो जाएगी, बच्ची हो जाएगी, बड़ी स्टार हो जाएगी तो उनके साथ भी काम करेंगे। मम्मी का परमिशन तो मिल ही जाएगा। सलमान खान ने इस दौरान फिल्म की अभिनेत्री की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि रश्मिका जिस लगन से काम कर रही हैं वह तारीफ के काबिल है। सलमान ने बताया कि उन्हें पुष्पा-2 और सिंकदर की शूटिंग के दौरान पैर में चोट लगी थी। लेकिन, इसके बावजूद उन्होंने शूटिंग जारी रखी।सलमान कि फिल्म सिकंदर के ट्रेलर में एक ऐसा शानदार नजारा दिखाया गया है जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेगा। ट्रेलर में सलमान मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं, वह एक मिशन पर हैं। सिकंदर का उनका किरदार दमदार नजर आ रहा है।यह फिल्म निर्माता के लिए एक और बड़ी सफलता साबित होने वाली है, जिनके पास ऐसी फिल्में बनाने का सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है, जो न केवल मनोरंजन करती हैं, बल्कि देश भर के दर्शकों के दिलों में जगह भी बनाती हैं।




# फिल्म अभिनेत्री राशि खन्ना ने लजीज व्यंजनों के साथ अपनी तस्वीर इंस्टाग्राम पर की साझा



अभिनेत्री राशि खन्ना जिन्हें हाल ही में द साबरमती रिपोर्ट में देखा गया था। उन्होंने लजीज व्यंजनों के साथ अपनी तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की।अभिनेत्री खाने की शौकीन हैं, जो स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद उठाने से कभी नहीं कतराती हैं। चाहे वह फिल्म के सेट पर हों या फिर यात्रा कर रही हों। अभिनेत्री घर पर भी लजीज व्यंजनों का आनंद ले रही होती हैं। अच्छा खाना उनके जीवन का अभिन्न अंग बना हुआ है। प्रशंसकों को यह पसंद है कि वह किस तरह से खाने के इन शानदार पलों को साझा करती हैं।अपने लेटेस्ट पोस्ट में राशि ने प्रशंसकों को सेट पर अपने खाने के रोमांच की झलक दिखाई। जिसमें वह दक्षिण भारतीय व्यंजनों का स्वाद लेते हुए नजर आ रही हैं।राशि को खाना बहुत पसंद है, लेकिन वह स्वस्थ रहने में भी विश्वास रखती हैं। वह अक्सर अपनी फिटनेस रूटीन की झलकियां शेयर करती हैं, जिससे साबित होता है कि कोई भी व्यक्ति सही दृष्टिकोण के साथ खाने का सच्चा शौकीन होने के साथ-साथ फिट भी रह सकता है।

इससे पहले, अभिनेत्री ने शानदार तरीके से होली मनाई। वह अपने परिवार के साथ श्रीशैलम मंदिर गईं। खूबसूरत पारंपरिक परिधान में राशि भगवान शिव की पूजा करते हुए बेहद खूबसूरत दिखीं।काम की बात करें तो राशि के पास इस साल कुछ रोमांचक प्रोजेक्ट हैं, हालांकि अभी तक उनके बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। चर्चा को और बढ़ाते हुए, उन्हें हाल ही में एक्सेल एंटरटेनमेंट के ऑफिस में देखा गया, जिससे प्रशंसकों में उत्सुकता बढ़ गई। द साबरमती रिपोर्ट' में राशि ने एक दमदार पत्रकार की भूमिका निभाई थी। फिल्म की सफलता के बाद, उनकी अगली ऑनस्क्रीन फिल्म के लिए फैंस की उत्सुकता बढ़ गई है। राशि अपने अभिनय से फैंस का दिल जीत रही हैं। सोशल मीडिया पर आए दिन वह नई-नई पोस्ट के माध्यम से अपने फैंस को अपने बारे में कुछ न कुछ नया बताती हैं।

# दीपिका ने भारतीय फिल्मों और टैलेंट को ऑस्कर में पहचान न मिलने पर दुख जताया

बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को लगता है कि भारत की कई ऐसी फिल्में थीं जो ऑस्कर अवॉर्ड जीत सकती थीं मगर उन्हें वे पहचान नहीं मिली। दीपिका इनदिनों लुई विटोन और कार्टियर के लिए वैश्विक लक्जरी फैशन हाउस द्वारा एंबेसडर के रूप में चुनी जाने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री है। इसी वीडियो में दीपिका ऑस्कर पर बात करते हुए कहती हैं कि जब आरआरआर फिल्म के गाने नाटू-नाटू को अवॉर्ड मिला था वे मौके पर मौजूद थीं।

पिछले कुछ समय में भारतीय फिल्मों ने ग्लोबल स्तर पर तारीफें बटोरी थीं। हालांकि, ऑस्कर 2025 की फाइनल सूची में इन फिल्मों को जगह नहीं मिल सकी थी। इस खबर ने कई भारतीयों का दिल तोड़ा था जिसमें दीपिका भी शामिल हैं।

अपनी बात को जारी रखते हुए दीपिका ने भारतीय फिल्मों और टैलेंट को ऑस्कर में पहचान न मिलने पर दुख जताया। दीपिका ने कहा, भारत को कई बार ऑस्कर से वंचित रखा गया है। कई ऐसी फिल्में और टैलेंट हैं जो अवॉर्ड के हकदार थे, मगर उन्हें नजरअंदाज किया गया।

# सीबीआई ने रिया को बताया बेकसूर, पूजा भट्ट और दीया मिर्जा ने मीडिया से माफी मांगने की मांग की

## – टीवी–बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत मौत मामला

14 जून 2020 की सुबह पूरी फिल्म इंडस्ट्री और देश टीवी-बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से सन्न रह गया। मौत की गुत्थी उलझने पर मामला सीबीआई के हाथ में पहुंचा और बॉलीवुड अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को मुख्य आरोपी बताया गया। सुशांत सिंह राजपूत के परिवार ने रिया पर सुशांत को आत्महत्या के लिए उकसाने, उनके पैसे का गबन करने और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। आरोपों के बाद रिया को मीडिया और जनता की भारी आलोचना का सामना करना पड़ा था। लेकिन अब सीबीआई ने सुशांत केस में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है, इसमें रिया चक्रवर्ती और उनके परिवार को क्लीन चिट दे दी गई है।

पांच साल बाद रिया को क्लीन चिट देने के बाद पूजा भट्ट और दीया मिर्जा ने मीडिया से उन्हें लिखित में माफीनामा देने की मांग कर दी है। पूजा ने अक्षय कुमार का पांच साल पुराना ट्वीट शेयर किया है, इसमें लिखा था, सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को सुशांत केस को जांच करने का आदेश दिया है। सच जरूर बाहर आएगा। प्रार्थना है। अक्षय कुमार का ये ट्वीट रीशेयर कर पूजा ने लिखा, सीबीआई की 22 मार्च 2025 की क्लोजर रिपोर्ट में सुशांत की मौत को बिना किसी साजिश के आत्महत्या के रूप में पुष्टि की गई है जिसमें रिया और दूसरे लोगों को निर्दोष बताया गया है। सच्चाई की जीत हुई है। प्रार्थनाएं स्वीकार की गईं।दीया मिर्जा ने भी रिया को सपोर्ट कर उन लोगों





से लिखित में माफी देने के लिए कहा जिन्होंने अभिनेत्री को परेशान किया। दीया ने लिखा, मीडिया में कौन है जो रिया चक्रवर्ती और उसके परिवार से लिखित माफी मांगने की हिम्मत करेगा?दीया ने कहा, आपने तो सिर्फ टीआरपी के लिए लोगों को परेशान और हैरेस किया। माफी मांगिए। आप कम से कम इतना कर ही सकते हैं।


# 'दंगल' के निर्देशक तिवारी के सामने थी क्या बडी चुनौती, किया खुलासा



बालीवुड की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दंगल' का क्लाइमेक्स दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक था। बालीवुड एक्टर आमिर खान की इस फिल्म की पटकथा लिखते समय निर्देशक नितेश तिवारी के सामने एक बड़ी चुनौती थी।नितेश तिवारी ने खुलासा किया कि उन्होंने इस चुनौती का सामना कैसे किया। उन्होंने बताया कि फिल्म के क्लाइमेक्स को दिलचस्प बनाने के लिए उन्होंने आमिर खान के किरदार महावीर सिंह फोगाट को फाइनल मुकाबले से दूर रखने का फैसला किया। उन्होंने कहा, एक लेखक के तौर पर हमें यह चिंता थी कि जब दर्शकों को पहले से ही पता है कि गीता स्वर्ण पदक जीतेगी, तो फिल्म के अंत में रोमांच कैसे बनाए रखें? इसलिए हमने सोचा कि अगर महावीर सिंह मुकाबले के दौरान मौजूद नहीं रहेंगे, तो दर्शकों का ध्यान इस सवाल पर चला जाएगा कि 'गीता अपने पिता की गैरमौजूदगी में कैसे जीतेगी?' नितेश तिवारी ने बताया कि क्लाइमेक्स को प्रभावी बनाने के लिए उन्होंने पांच अलग-अलग वर्जन तैयार किए थे। अंततः, उन्होंने वही वर्जन चुना जिसमें गीता के अहंकारी कोच महावीर सिंह को एक कमरे में बंद करवा देते हैं, ताकि वे अपनी बेटी को कोई मार्गदर्शन न दे सकें। फिल्म में दिखाया गया कि फाइनल मुकाबले में गीता पहला राउंड जीत जाती है लेकिन दूसरा राउंड हार जाती है।तीसरे और निर्णायक राउंड में, अपने पिता की अनुपस्थिति के बावजूद, वह हिम्मत और रणनीति से लड़ती है और स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन जाती है। महावीर सिंह ठीक समय पर लौटते हैं और अपनी बेटियों को गले लगाते हैं, जबकि गीता के कोच की जीत का श्रेय लेने की उम्मीद धरी रह जाती है। 2016 में रिलीज हुई 'दंगल' बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट साबित हुई और चीन में भी ब्लॉकबस्टर रही। फिल्म को आमिर खान प्रोडक्शंस, किरण राव और सिद्धार्थ रॉय कपूर ने मिलकर प्रोड्यूस किया था। इस स्पोर्ट्स ड्रामा में आमिर खान ने महावीर सिंह फोगाट का किरदार निभाया, जबकि फातिमा सना शेख और सान्या मल्होत्रा फोगाट बहनों के रूप में नजर आईं।

# भारत में बढ़ेंगे तेल के दाम!

## ट्रंप ने वेनेजुएला से तेल खरीदने वाले देशों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का किया एलान



वाशिंगटन/ह्यूस्टन(ए)। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने वेनेजुएला से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर भारी टैरिफ लगाने का एलान किया है। ट्रंप ने इन देशों पर 25 फीसद टैरिफ लगाने का फैसला लिया है। वेनेजुएला से तेल खरीदने वाले देशों पर टैरिफ के एलान से भारत और चीन जैसे देश प्रभावित हो सकते हैं। गवेनेजुएला की सरकार ने कहा कि वेनेजुएला ट्रंप के नए आक्रमण को दृढ़ता से और स्पष्ट रूप से अस्वीकार करता है। यह वेनेजुएला से तेल और गैस खरीदने वाले किसी भी देश पर 25 फीसद द्वितीयक टैरिफ लगाने का इरादा रखता है। यह मनमाना, अवैध और हताश करने वाला उपाय है। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा कि वेनेजुएला के तेल के खरीदारों पर लगाया जाने वाला द्वितीयक टैरिफ 2 अप्रैल से लागू होगा। उन्होंने सोमवार को बाद में संवाददाताओं से कहा कि टैरिफ मौजूदा टैरिफ के अतिरिक्त होंगे। टैरिफ के एलान के बाद तेल की कीमतों में लगभग 1 फीसदी का इजाफा हुआ।फरवरी में चीन ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिदिन लगभग 503,000 बैरल कच्चा तेल और ईंधन वेनेजुएला से खरीदा। यह वेनेजुएला के कुल निर्यात का लगभग 55 फीसदी है। चीन के अलावा भारत, स्पेन, इटली और क्यूबा जैसे देश भी वेनेजुएला से तेल खरीदते हैं। वहीं वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने ट्रंप के प्रतिबंधों को खारिज कर दिया। उनका कहना है कि ये अवैध उपाय हैं।

# अमेरिकी प्रशासन की बड़ी चूक! शीर्ष अधिकारियों की हूती विद्रोहियों पर हमले को लेकर चैट हुई लीक

वाशिंगटन (ए)। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों ने यमन के हूती समूह के खिलाफ सैन्य हमलों की योजना पर एक व्यावसायिक मैसेजिंग सेवा पर विस्तृत चर्चा की। कई समाचार रिपोर्टों के अनुसार, अधिकारियों ने भी इस चर्चा की पुष्टि की है।ये चर्चा कई दिनों तक चली और इसमें हमले की पूरी जानकारी, हथियारों का इस्तेमाल और समय की बात हुई। गलती से इस ग्रुप में द अटलांटिक मैगजीन के संपादक जेफरी गोल्डबर्ग को भी जोड़ दिया गया।इन चर्चाओं को करने वाले अधिकारियों ने सिग्नल नाम की एक सुरक्षित मैसेजिंग सेवा का इस्तेमाल किया। इसमें उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस, रक्षा सचिव पीट हेगसेथ, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज, सीआईए निदेशक जॉन रेडक्लिफ और राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड शामिल थीं। एक व्यक्ति जिसे एमएआर कहा गया, माना जाता है कि वह विदेश सचिव मार्को रुबियो थे।चर्चा के बारे में पूछे जाने पर राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, मुझे इसके बारे में कुछ नहीं पता। मैं अटलांटिक का बहुत बड़ा प्रशंसक नहीं



हूं। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ब्रायन ह्यूजेस ने द अटलांटिक द्वारा प्रकाशित चर्चाओं की प्रामाणिकता की पुष्टि की। उन्होंने कहा, अभी तक, जो मैसेज थ्रेड की खबर आई है, वह सच लगती है। हम यह देख रहे हैं कि गलती से कोई नंबर उसमें कैसे जुड़ गया।उन्होंने आगे कहा, ये थ्रेड दिखाता है कि बड़े अधिकारियों के बीच नीति पर गहरी और सोची-समझी समन्वय था। हूती ऑपरेशन की लगातार सफलता बताती है कि हमारे सैनिकों या राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा नहीं था।ट्रंप प्रशासन द्वारा हूतियों के खिलाफ पहला अमेरिकी हमला 15 मार्च को शुरू हुआ, जब हूती विद्रोहियों ने गाजा की नाकाबंदी को लेकर इजरायल के खिलाफ हमले फिर से शुरू करने की धमकी दी थी।ये हमले सप्ताहांत में और अधिक होने के साथ जारी रहे और सोमवार तक चले।हूती समूह ने नवंबर 2023 से पश्चिम एशिया के जलक्षेत्र लाल सागर, अदन की खाड़ी, बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य और अरब सागर में करीब 100 व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया है।

## न्यूजीलैंड में भूकंप से कांपी धरती, रिक्टर पैमाने पर 6.5 मापी गई तीव्रता; मचा हड़कंप

वेलिंगटन (ए.)। न्यूजीलैंड में भूकंप के भीषण झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर पैमाने पर इस भूकंप की तीव्रता 6.5 मापी गई है। ये भूकंप दक्षिण द्वीप न्यूज़ीलैंड के पश्चिमी तट पर आया है। बता दें कि रिक्टर पैमाने पर 6 से 6.9 के बीच की तीव्रता का मतलब ये होता है कि इससे किसी इमारत का बेस दरक सकता है। फिलहाल, इसमें किसी तरह के हताहत की सूचना नहीं है।

दोपहर निचले दक्षिण द्वीप पर भूकंप आने के बाद सभी को इमरजेंसी मैसेज अलर्ट भेजा गया। भूकंप 2.43 बजे आया। आपातकालीन प्रबंधन और रिकवरी मंत्री मार्क मिशेल ने कहा कि अलर्ट दक्षिण द्वीप के निचले हिस्से के लिए जारी किया गया था। यूएसजीएस के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया प्लेट का पूर्वी किनारा ऑस्ट्रेलिया और प्रशांत प्लेटों के बीच अभिसरण की ज्यादा दर होने के कारण दुनिया के सबसे अधिक भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्रों में से एक है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि कोई भी अपने घर से बाहर न निकले। तटरेखा के पास भूकंप आने का फिर से खतरा है। भूकंप पृथ्वी की सतह पर होने वाली प्राकृतिक घटनाएं हैं, जो मुख्य रूप से पृथ्वी की आंतरिक संरचना में होने वाले तनाव और गतिविधियों के कारण आते हैं। भारत में भूकंप का मुख्य कारण हिमालय क्षेत्र में टेक्टोनिक गतिविधियां हैं। भारतीय प्लेट और यूरेशियन प्लेट के बीच टकराव के कारण यहां तनाव होता है। यही वजह है कि उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर भारत भूकंप के लिहाज से संवेदनशील हैं। टेक्टोनिक प्लेटों के हिलने, टकराने, चढ़ाव, ढलाव से लगातार इन प्लेटों के बीच तनाव बनता रहता है।

# राष्ट्रपति जरदारी की लड़खड़ाती जुबान वाला वीडियो हुआ वायरल, लोगों ने जमकर उड़ाया मजाक



इस्लामाबाद (ए)। पाकिस्तान दिवस पर पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भाषण दिया था। इस दौरान उनकी कई बार जुबान लड़खड़ा गई। जिसका वीडियो वायरल हुआ और लोगों ने जमकर मजाक उड़ाया।

भाषण के दौरान कई बार उनकी जबान लड़खड़ाई। 'कोशिश की जा रही है' को उन्होंने 'खुशी की चाह रही है कहा। वहीं, 'बेशुमार कुर्बानी'को वे 'समर कुर्बानी बता गए। भाषण में दिख रहा है कि जरदारी एक-एक शब्द को मुश्किल से पढ़ पा रहे थे। लंबे वाक्य को पढ़ने के दौरान कई बार उनकी सांस फूलती दिखी। उनकी स्पीच को लेकर सोशल मीडिया पर कई लोगों ने मजाक बनाया, तो कइयों ने उनकी सेहत पर चिंता जताई है। भारत में पाकिस्तान के उच्चायुक्त रहे अब्दुल बासित ने इसे हर पाकिस्तानी का मजाक बताया।अब्दुल बासित ने वीडियो शेयर करते हुए कहा कि जिस तरह से राष्ट्रपति जरदारी भाषण पढ़ने में बेबस दिखे, उससे उनके दिल को बहुत तकलीफ पहुंची है। प्रेसिडेंट पूरे मुल्क का नुमाइंदा होता है। ऐसे में उनका जो मजाक उड़ रहा है, वो कहीं ना कहीं हर पाकिस्तानी का मजाक है। मुझे अपने देश के प्रेसिडेंट को इस तरह से देखना तकलीफ पहुंचाता है।

अब्दुल बासित ने कहा, हम साफतौर पर देख रहे हैं कि जरदारी से एक-एक शब्द पढ़ना मुश्किल हो रहा था। ऐसा लग रहा था कि उन्हें खड़े होने में भी दिक्कत आ रही है। अगर वे बीमार थे तो उन्हें भाषण देने के लिए क्यों लाया गया।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति की पत्नी के ग्रीनलैंड विजिट का बायकॉट करेगा ग्रीनलैंड

वॉशिंगटन(ए)। इस माह 27 से 29 मार्च तक अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पत्नी उषा वेंस ग्रीनलैंड के दौरे पर पहुंचने वाली हैं। दौरे से पहले नया विवाद खड़ा हो गया है। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री म्यूट एगेडे ने उषा वेंस की इस विजिट का बायकॉट करने का फैसला किया है। उन्होंने इस हाई प्रोफाइल विजिट को उकसाने वाला बताया है। एगेडे ने कहा कि अमेरिका के साथ की गई डील की वजह से उषा वेंस की ग्रीनलैंड में अमेरिकी मिलिट्री बेस की विजिट को रोकना मुमकिन नहीं है, लेकिन अंतरिम सरकार अमेरिकी डेलिगेशन से नहीं मिलेगी।वहीं व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ब्रायन ह्यूजेस ने कहा-इस यात्रा का उद्देश्य ऐसी साझेदारी का निर्माण करना है जो ग्रीनलैंड के आत्म निर्णय का सम्मान करे और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा दे। दो महीने पहले ट्रम्प के बड़े बेटे भी ग्रीनलैंड पहुंचे थे उषा वेंस के साथ अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज और ऊर्जा सचिव क्रिस राइट ग्रीनलैंड पहुंचेंगे। इस विजिट से दो महीने पहले राष्ट्रपति ट्रम्प के सबसे बड़े बेटे डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर भी ग्रीनलैंड पहुंचे थे, तब उस विजिट को निजी यात्रा बताया गया था।

## आसमान में रहस्यमय रोशनी ने किया हैरान, लोग बोले एलन मस्क का कारनामा

लंदन(ए)। ब्रिटेन समेत यूरोप के कई देशों के आसमान में भी सोमवार को एक रहस्यमय चीज घूमती हुई दिखाई दी। यह एक सफेद सर्पिल आकृति थी। इसे देख कर हर कोई हैरान हो गया। लेकिन एक्सपर्ट्स का मानना है कि इसके पीछे एलन मस्क का हाथ है।



दरअसल यह स्पेसएक्स के रॉकेट से जुड़ा हो सकता है। कुछ लोगों ने इस अद्भुत नजारे की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर कर कहा कि उन्हें लगा कि जैसे एलियंस आ गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अजीब आकृति रॉकेट के दूसरे चरण से निकले हुए ईंधन के जमने से बनी है। यह प्रकाश के कारण चमक रहा है, इसलिए धरती पर दिखाई देता है। दरअसल फॉल्कन 9 रॉकेट को बार-बार इस्तेमाल किया जा सकता है। अंतरिक्ष से वापस आने के दौरान रॉकेट बचा हुआ ईंधन बाहर निकालता है। रॉकेट की गति के कारण यह सर्पिल पैटर्न में तुरंत जम जाता है। ईंधन पहले बर्फ में बदलता है और फिर जलवाष्प में। इसके बाद यह ऊपरी वायुमंडल में सूर्य की रोशनी से चमकता है। स्पेसएक्स ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'फाल्कन 9 रॉकेट को आज एनआरओएल-69 मिशन के लिए लॉन्च किया गया।' माना जा रहा है कि आसमान में चमकती आकृति इसी लॉन्च के बाद बनी है।



# आईपीएल में आज होगा केकेआर और रॉयल्स में मुकाबला

## शाम 7.30 बजे से होगा मैच

गुवाहाटी (ए.)। इंडियान प्रीमियर लीग में बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगे कयोंकि पहले मैच में इन्हें हार का सामना करना पड़ा था। केकेआर को जहां शुरुआत मैच में रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु (आरसीबी) वहीं राजस्थान रॉयल्स को सनराइजर्स हैदराबाद ने हराया था। पहले मैच में दोनो ही टीम उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पायीं थीं। दोनो के ही बल्लेबाज और गेंदबाज विफल रहे थे। सुनील नरेन के अलावा केकेआर का कोई भी गेंदबाज आरसीबी के बल्लेबाजों को रोक नहीं पाया। यहां तक कि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भी विफल रहे थे।




ऐसे में अब वरुण का लक्ष्य इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। केकेआर की नजरें एनरिक नोर्किया की फिटनेस पर भी आधारित रहेंगी। नोर्किया अगर फिट होते हैं तो उन्हें स्पेंसर जॉनसन की जगह शामिल किया जा सकता है। पहले मैच में कप्तान अजिंक्य रहाणे और नारायण के आउट होने के बाद केकेआर की बल्लेबाजी ढ़ह गयी थी। ऐसे में इस बार का मध्यक्रम बिखर गया था। वेंकटेंश अय्यर और आंद्रे रसेल जैसे बल्लेबाज मध्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। इसके अलावा रिंकू सिंह से भी टीम को रनों की उम्मीद रहेगी। पिछले कुछ समय से उनका बल्ला खामोश है। आईपीएल के पहले मैच में भी वह केवल 12 रन बना पाए थे। वहीं दूसरी ओर रॉयल्स की हालत भी ठीक नहीं है। उसको अगर ये मैच जीतना है तो सभी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। सनराइजर्स के खिलाफ पिछले मैच में उसके मुख्य तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने चार ओवर में 76 रन दिये थे जबकि फजल हक फारूकी और महेश थीक्षाना जैसे गेंदबाज भी प्रभावी नहीं रहे थे। टीम की कप्तान कर रहे युवा रियान पराग को भी आत्मविश्वास से फैसल देने होंगे। टीम की बल्लेबाजी रियान के अलावा संजू सैमसन, वैभव सूर्यावंशी और शिमोन हिटमायर जैसे खिलाड़ियों पर आधारित रहेगी।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डी कॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज़, अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनिटी सिसौदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नोर्किया, वैभव अरोड़ा, मयंक मारखंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती, चेतन सकारिया।

**राजस्थान रॉयल्स:** रियान पराग (कप्तान), संजू सैमसन, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, कुणाल राठौड़, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, नितीश राणा, युद्धवीर सिंह, जोफ्रा आर्चर, महेश थीक्षाना, वानिंदु हसरंगा, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय सिंह, तुषार देशपांडे, फजलहक फारूकी, क्वेना मफाका, अशोक शर्मा, संदीप शर्मा।

# अश्विन युवा स्पिनरों को देते हैं टिप्स : रचिन



चेन्नई (ए)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से खेल रहे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज रचिन रविंद्र ने टीम के अनुभवी स्पिन आर अश्विन की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि टीम की अच्छी शुरुआत का श्रेय इस अनुभवी खिलाड़ी को दिया है। अश्विन ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मैच में हालांकि एक ही विकेट लिया था। रविंद्र ने कहा, ' अश्विन एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी है। मैंने उनके खिलाफ कुछ मैच खेले हैं। उनके अनुभव और क्रिकेट ज्ञान का लाभ टीम को मिलता है। वह खेल की बहुत अच्छी समझ रखते हैं और युवा स्पिनरों को टिप्स देते हैं । मैं उनको खेलते हुए देखकर बड़ा हुआ हूं और उनके साथ एक टीम में खेलना मेरे लिए सम्मान की बात है।इस क्रिकेटर ने कहा, 'हमारे पास बहुत अच्छे स्पिन गेंदबाज हैं और हमारी टीम का संतुलन बहुत अच्छा है। अगर किसी दिन कोई गेंदबाज नहीं चल पाता है तो हमारे पास उसके लिए भी विकल्प हैं। वहीं मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अच्छी प्रगति कर रहे हैं और वह जल्द ही टीम से जुड़ सकते हैं।



## आईपीएल के चौथे सबसे युवा कप्तान बने रियान पराग, नंबर 1 पर है ये भारतीय सुपर स्टार

नई दिल्ली(ए.)। आईपीएल 2025 के दूसरे मुकाबले में रविवार की रात राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच रोमांचक मैच खेला गया। इस मैच में रियान पराग ने एक नया इतिहास रच दिया। उन्होंने पहली बार कप्तानी करते हुए अपने नाम एक बड़ा रिकॉर्ड दर्ज किया। 23 साल और 133 दिन की उम्र में वह आईपीएल के चौथे सबसे युवा कप्तान बन गए, और इस सफलता के साथ ही उन्होंने अपने से पहले के दिग्गज श्रेयस अय्यर को पीछे छोड़ दिया। लेकिन क्या आपको पता है कि आईपीएल में सबसे कम उम्र का कप्तान कौन है? नहीं तो हम अपने इस लेख में आपको बताएंगे कि कौन है वह दिग्गज।

राजस्थान रॉयल्स के नियमित कप्तान संजू सैमसन इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में चोटिल हो गए थे, जिसके चलते टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी रियान पराग को सौंपी गई। इस समय उनकी उम्र 23 साल और 133 दिन है, और वह पहली बार आईपीएल में कप्तानी कर रहे हैं। इससे पहले श्रेयस अय्यर ने 2018 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की थी, तब उनकी उम्र 23 साल और 142 दिन थी। इस मैच में कप्तानी करते हुए रियान पराग ने आईपीएल के इतिहास में चौथे सबसे युवा कप्तान बनने का गौरव हासिल किया और श्रेयस अय्यर को पीछे छोड़ दिया।

# हीथर नाइट का विकल्प तलाश रही ईसीबी




लंदन (ए)। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) महिला क्रिकेट टीम के लिए नये कप्तान की तलाश कर रहा है। वहीं पिछले नौ साल से कप्तान रही हीथर नाइट ने हाल ही में कप्तानी छोड़ दी थी। वह अब एक खिलाड़ी के तौर पर ही टीम में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगी। 2016 में कप्तानी की भूमिका संभालने के बाद से नाइट ने 199 मैचों में इंग्लैंड टीम का कप्तानी करते हुए टीम को कई सफलताएं दिलायी हैं। नाइट की कप्तानी में इंग्लैंड ने घरेलू धरत पर 2017 में भारत को हराकर विश्व कप जीता था। इसके अलावा उनके नेतृत्व में दो अन्य आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में टीम खेली। नाइट की कप्तानी में ही इंग्लैंड ने 134 मैच जीते और वह इंग्लैंड की दूसरी सबसे सफल कप्तान हैं।

नाइट की कप्तानी में इंग्लैंड की टीम ने लगातार आठ एकदिवसीय सीरीज जीती। इसमें 2023 में घरेलू धरती पर एशेज के दौरान ऑस्ट्रेलिया को हराना भी शामिल है। हालांकि, पिछले साल यूएई में हुए टी20 विश्व कप और हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में हुए एशेज में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद ईसीबी ने नए कप्तान की नियुक्त करने का फैसला किया है। नाइट के उत्तराधिकारी की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी। वहीं इस पर नाइट ने कहा कि, पिछले 9 सालों से अपने देश की कप्तानी करना मेरे जीवन का सबसे बड़ी सम्मान रहा है और मैं अपने कार्यकाल को बहुत गर्व के साथ याद करूंगी। मुझे टीम का नेतृत्व करने की चुनौती पसंद है, लेकिन सभी अच्छी चीजें समाप्तहोती हैं और अब मेरा ध्यान खेल पर रहेगा।

## कप्तानी मिली तो संभालने तैयार हूं : रबाडा

मुम्बई (ए)। भारत में आईपीएल खेल रहे दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने कहा है कि अगर अब भी उन्हें क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) कप्तान बनाता है तो वह ये जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार हैं। वह एक साथ कई भूमिकाएं निभाने के लिए तैयार हैं। रबाडा ने एक साक्षात्कार में कहा, 'मुझसे कई बार कप्तानी को लेकर सवाल पूछा गया है। इससे इसने मुझे इस पर विचार करने के लिए मजबूर किया है। मुझे लगता है कि इसके लिए मेरी ओर से कुछ परिपक्वता की आवश्यकता होगी पर अगर क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका या किसी कोच द्वारा मुझसे यह सवाल पूछा जाता है तो मैं इस पर गंभीरता से विचार करूंगा।



उन्होंने कहा, 'मैं पहले से ही सोच रहा था कि इसमें किस तरह का बदलाव होगा क्योंकि कप्तान बनने के बाद आप केवल अपने आप पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सकते क्योंकि तब आपको हर किसी पर ध्यान केंद्रित करना होगा। और सिर्फ मैदान पर ही नहीं बल्कि मैदान के बाहर भी। रबाडा ने कहा, 'मुझे लगता है कि इसके लिए निश्चित रूप से परिपक्वता की जरुरत होगी और इसके लिए बहुत सारी योजनाएं भी बनानी होगी। इसलिए, अगर मुझसे यह सवाल पूछा जाता है तो मैं इस पर गंभीरता से विचार करूंगा।

# दालों के भाव से मध्यम वर्गीय परिवारों को आफत, डंगरबाड़ी से आ रही सब्जियां दे रही राहत

## नर्मदा और तवा की तलहटी से निकल रही बहुतायत में हरी सब्जियां पहुंच रही भोपाल इंदौर तक

**रश्मि गौड़,**

नर्मदापुरम। जहां दालों के भाव 140 रुपये किलो से ऊपर हैं। सब्जी के भाव 40 से 80 रुपये किलो थे लेकिन डंगरबाड़ी से आ रही हरी सब्जियों की लगातार खेप ने लोगों की थाली में हरी सब्जी पहुंचा कर राहत पहुंचाई है। वर्तमान में टमाटर के भाव 10 रुपये किलो, डंगरबाड़ी से आने वाली हरी सब्जियों में भिंडी, करेला, लौकी, गिलकी,कद्दू,भटे सहित अन्य अनेक सब्जियां भी आ रही हैं। जिनके दाम औषतन 30-40 रुपये किलो तक ही हैं। इससे आम लोगों को कुद हद तक राहत है।

### बीते वर्ष से अधिक आ रही सब्जियां

बीते वर्ष हरी सब्जी की आवक कम हो रही थी। मौसम खराब होने के कारण सब्जी वालों को घाटा हुआ था। जिससे सब्जी की आवक रूक सी गई थी। लेकिन इस बार मौसम ठीक रहने से डंगरबाड़ी की हरी सब्जी बहुतायत में बाजार में आ रही है। जिससे दाम भी कम ही हैं।

### सब्जी की खेप बाहर तक जा रही हैं

ग्रामीण क्षेत्रों में जो सब्जी की खेती करने वाले किसान खेत में तथा डंगरबाडियों में सब्जी लगा रहे हैं। जिला मुख्यालय के आसपास एक दर्जन से ज्यादा गांवों में खाद्यान्य के साथ सब्जी की खेती भी बड़ी मात्रा में की जाती है। यह सब्जी नर्मदापुरम में पूर्ति करने के अलावा प्रदेश के भोपाल इंदौर व अन्य बड़े शहरों तक जाती है।



गांव में खराब हो रही सब्जी

जासलपुर निवासी अंबिका राजपूत, रायपुर के ईश्वरी सैनी, संतोष गौर ने बताया कि बांद्राभान, घानाबढ़, सांगाखेड़ा गांव में बड़ी मात्रा में रोजाना सब्जी निकल रही है। जिसके दाम कम मिलने से खरीददार नहीं मिल रहे हैं। यह सब्जी पहले भोपाल मंडीदीप तक लोडिंग आटो में जाती थी। उन क्षेत्रों में भी सब्जी होने से मांग कम है। जिससे यहां पर सब्जी खराब होने लगी है।

**फैक्ट फाइल-**

- 5000 क्विंटल रोज थोक मंडी में आ रही हैं सब्जियां।
- 5000 हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों ने लगाई हैं सब्जियां।
- 3000 डंगरबाडियों में लगी हुई है सब्जी की बाड़ी।
- 10 लाख रुपये की प्रतिदिन बाहर जा रही हैं सब्जियां।
- 20 से 40 रुपये किलो मिल रही हैं हरी सब्जियां।
- 5 रूपये किलो के भाव थोक में बिक रहे हैं टमाटर।

### बंपर आ रही टमाटर की फसल

रायपुर गांव के सब्जी उत्पादक विनोद कहार ने बताया कि सभी किसानों ने टमाटर की सब्जी लगाई है। सभी की एक साथ फसल आ गई है। इसलिए थोक मंडी में टमाटर के दाम 5 रुपये किलो तथा इससे भी कम मिल रहे हैं। इतने कम दाम में टमाटर की तुड़वाई तक नहीं निकल पा रही है। सब्जी लगाने वालों को घाटा हो रहा है।

### कुछ ही दिनों में बढ़ेंगे दाम

बाहर से और लोकल स्तर से दोनों जगह से हरी सब्जी की अच्छी आवक होने से दाम में कमी आ रही है। यह कमी 15 दिन की ही है। जैसे ही तेज गर्मी शुरू होगी सब्जी के दामों में उछाल शुरू हो जाएगा।

**अमीन राइन, अध्यक्ष थोक सब्जी**

# चने की कटाई पूरी, गेहूं की कटाई में लगेगा एक सप्ताह



नर्मदापुरम(ए.)। पूर्व में जिन किसानों की चने की बोनी हो गई थी। उनकी कटाई हो गई है। चने की कटाई अब समाप्त हो चुकी है। गेहूं की कटाई में अभी पूरा एक सप्ताह लगेगा। गेहूं की फसल कटने के साथ ही उपज बिकने लगी है। कम से कम एक सप्ताह तक कटाई का क्रम जारी रहेगा। किसानों ने बताया कि मौसम ने साथ दिया है। इसलिए इस बार गेहूं की पैदावार अच्छी होने की संभावना बन रही है। शासन की ओर से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी जारी है। अब अप्रैल के प्रथम सप्ताह में गेहूं खरीदी का कार्य गति पकड़ेगा। जिसके लिए जिले में खरीदी केंद्र बनाए गए हैं।

## नर्मदापुर कथा व्यास मंच का होली मिलन समारोह आज

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुर कथा व्यास मंच द्वारा 26 मार्च बुधवार को सेठानी घाट रोड स्थित श्री बांके बिहारी जी मंदिर में दिन में अपरान्ह साढ़े 3 बजे से साढ़े 6 बजे तक होली मिलन उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। नर्मदापुर कथा व्यास मंच के अध्यक्ष आचार्य पंडित नीरजेश त्रिपाठी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष यह कार्यक्रम होली गीत फाग भजन आदि ओतप्रोत रहेगा। सभी भक्तगण सादर आमंत्रित हैं। गुलाल और फूलों की होली होगी। पं श्री त्रिपाठी ने कहा कि अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर एकता, प्रेम और सौहार्द का संदेश दें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और श्रीचरणों में फूलों की पंखुडी और गुलाल अर्पण कर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह होली मिलन समारोह विशेष रूप से आपसी सामाजिक सौहार्द भाईचारे और एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य किया जाता है। होली आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देने वाला त्योहार है।

## 29 को नर्मदा तट पर होगा कवि सम्मेलन

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदा आव्हान सेवा समिति नर्मदापुरम व्दारा पूर्व वर्षों की भाँति इस वर्ष भी नवसंवत्सर गुडीपड़वा की पूर्व संध्या पर अखिल कवि सम्मेलन का आयोजन 29 मार्च को रात्रि 9 बजे से सेठानी घाट पर किया जा रहा है। जिसमें देश के मौलिक स्थापित कवि गण माँ नर्मदा की कलकल धारा के साथ स्वर साधना करेंगे। आमंत्रित कविगण सुरेन्द्र यादवेंद्र राजस्थान, कौशल सक्सेना रायसेन, दिनेश याज्ञनिक देवनगर, कुमार नीतेश नैश भोपाल, मनोज चौहान उत्तर प्रदेश, भुवन सिंह धांसू छिंदवाड़ा राजेश लोटपोट झालावाड़, जयकृष्ण चांडक हरदा, दीपक साहू मुलताई, विनोद विद्रोही नागपुर, डा प्रतीभा पटैल जबलपुर, सुनीता पटैल भोपाल अपनी प्रस्तुति देंगे।

## कभी स्ट्रीट लाइट चालू कभी बंद करने से हो रही परेशानी

नर्मदापुरम (निप्र)। शहर के अनेक क्षेत्र में कभी स्ट्रीट लाइट चालू रहती है। कभी बंद कर दी जाती है। इससे लोगों को परेशानी होती है। इतना ही नहीं मुख्य डाकघर के सामने से लेकर सेंट्रल जेल तक जाने वाले मार्ग पर तो कुछ दिनों से स्ट्रीट लाइट नहीं जलने से रात्रि में इस मार्ग से निकलने वाले जरूरतमंद लोगों को परेशानी हो रही है। इस क्षेत्र के मार्ग से शहर के अनेक लोगों का आना जाना लगा रहता है। रात के समय इस मार्ग पर घुप अंधेरा रहने से लोगों को लंबा चक्कर लगाकर जाना पड़ता है। वहीं जब कोई जरूरी कार्य हो तो और अधिक दिक्कतें होती है। मार्ग के दोनों ओर झाडियां होने के कारण लोगों को अंधेरे में इस मार्ग से निकलना मुश्किल होता है। इस क्षेत्र के नागरिकों ने नगर पालिका से इस मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि इस मार्ग पर झाडिंया अधिक होने से जहरीले जंतु भी सड़क पर आ जाते हैं। जिनसे खतरा बना रहता है।

## जनसुनवाई में 101 आवेदनों का हुआ निराकरण, अपर कलेक्टर ने दिए त्वरित कार्यवाही के निर्देश

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री डी.के. सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई कर समस्या का समाधान सुनिश्चित



किया जाए। जनसुनवाई के दौरान कुल 101 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करें।जनसुनवाई के दौरान पिपरिया निवासी मनीष मछरिया ने अपने बड़े भाई की मृत्यु के उपरांत अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर अपर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं ईदगाह निवासी, मीना छिरौले ने प्रधानमंत्री आवास योजना की तृतीय किस्त जारी न होने के कारण निर्माण कार्य बाधित होने की समस्या से अवगत करवाया गया। समस्या के निराकरण के लिए अपर कलेक्टर द्वारा संबंधित विभाग को त्वरित समाधान के लिए निर्देशित किया गया। इसी प्रकार भीलपुरा निवासी नागरिकों ने शासकीय मार्ग पर किए गए अतिक्रमण की शिकायत दर्ज कराई।

# मातृत्व मानसिक स्वास्थ्य एवं अवसाद पर जागरुकता के लिए नुक्कड नाटक आयोजित



माखन नगर(निप्र)। बाबई ब्लॉक के ग्राम आरी एवं बमोरी में संगत संस्था द्वारा इंफोसिस परियोजना के अंतर्गत मातृत्व मानसिक स्वास्थ्य एवं अवसाद पर जागरूकता कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अभिषेक सैनी वा उनके साथी कलाकारों ने मानसिक स्वास्थ्य एवं धात्री महिलाओं की परेशानियों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। साथ ही अवसाद एडिप्रेशन के क्या लक्षण होते हैं इसे कैसे बचा जा सकता है इनका क्या इलाज है और यदि मातृत्व मानसिक स्वास्थ्य में डिप्रेशन होता है तो किन चीजों का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए यह कलाकारों ने अपने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समस्त ग्रामीण जनता को समझाया और रूबरू कराया कलाकारों ने गीत संगीत के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण जन गर्भवती महिलाएं धात्री महिलाएं एवं उनके परिजन शामिल हुए साथी कलाकारों ने इंफोसिस परियोजना के बैनर एवं पंपलेट भी वितरित किए नाटक का निर्देशन अभिषेक सैनी ने किया कलाकरों मे ऋचा शर्मा, अमित यादव, निशा यादव, सरस्वती उइके ,विनय कहार ने भूमिका निभाई एवं मातृत्व मानसिक स्वास्थ्य के बारे में लोगों को जागरूक किया।

## 1 अप्रैल से सिवनी मालवा, 3 अप्रैल से मिसरोद उप संभाग डोलरिया, 5 अप्रैल से इटारसी तथा 5 अप्रैल से 8 अप्रैल के बीच सोहागपुर के लिए नहरों से पानी छोड़ने के लिए तिथियां निर्धारित

### ग्रीष्मकालीन मूंग सिंचाई हेतु संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक संपन्न



नर्मदापुरम (निप्र)। कमिश्नर कार्यालय नर्मदापुरम में मंगलवार को नर्मदापुरम संभाग आयुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में ग्रीष्मकालीन मूंग सिंचाई हेतु संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक मिथलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी आशीष खरे, हरदा कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम डॉ गुरूकरन सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौजान सिंह रावत, मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग राजाराम मीना, संयुक्त संचालक कृषि बी.एल बिलैया सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी ऑनलाईन उपस्थित रहे। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि हरदा जिले हेतु बायीं तट मुख्य नहर से 27 मार्च 2025 की शाम 05:00 बजे तवा नहर में पानी प्रवाहित किया जाएगा। सिवनी मालवा की रायगढ, मकढई एवं भिलाडियां नहरों के लिए 1 अप्रैल 2025 की शाम 05:00 बजे से, मिसरोद उपसंभाग डोलरिया के लिए 3 अप्रैल 2025 की शाम 05:00 बजे से, तवा परियोजना संभाग इटारसी के लिए 5 अप्रैल 2025 की शाम 05:00 बजे से तथा पीबीसी संभाग सोहागपुर हेतु दायीं तट मुख्य नहर से किसानों की मांग के अनुसार 05 अप्रैल से 8 अप्रैल 2025 के मध्य जल प्रवाह शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग राजाराम मीना ने बताया कि तवा बांध में 1004 एमसीएम पानी है जिसमें से 838 एमसीएम पानी सिंचाई के लिए उपलब्ध रहेगा।

### 'अब सारी जिंदगी जेल में बितेगी', 3 कातिल को उम्रकैद, चाकू से ताबड़तोड़ वार कर करणी सेना के पदाधिकारी को सुलाई थी मौत की नींद

नर्मदापुरम (आरएनएस)। करणी सेना के पदाधिकारी की हत्याकांड को लेकर कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है. कोर्ट ने तीन कातिल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही अर्थदंड की सजा से दंडित किया है.अतरिक्त जिला अभियोजन अधिकारी और विशेष लोक अभियोजक एचएस यादव ने बताया कि घटना 2 सितंबर 2022 की है. रोहित राजपूत अपने साथी गजेंद्र पटेल के साथ नगर पालिका इटारसी कार्यालय के पास चाय सुट्टा बार पर चाय पीने गया था. उसी दौरान आरोपी अंकित भाट अपने दो साथी रानू ठाकुर और अमन के साथ मौके पर पहुंचा. जिसके बाद उन्होंने रोहित पर चाकू से हमला कर दिया. बीच-बचाव में आए दोस्त भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

## कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार फार्मर रजिस्ट्री कार्य सुचारु रूप से जारी

*फार्मर रजिस्ट्री के लिए किया जा रहा शिविरों का आयोजन*

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के लिए कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से किसानों का पंजीयन एवं ई-केवाईसी सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे वे विभिन्न कृषि लाभ योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व अमले द्वारा घर-घर जाकर किसानों को योजना की जानकारी दी जा रही है एवं उनके फार्मर रजिस्ट्री हेतु सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही, विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर शिविर लगाकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। रात्रि के समय सर्वर की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए भी पंजीयन कार्य किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार राजस्व अधिकारियों द्वारा समय-समय पर इन शिविरों का निरीक्षण कर फार्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। प्रशासन द्वारा सभी किसानों से अपील की गई है कि वे निकटतम शिविर में जाकर शीघ्र अपना पंजीयन एवं ई-केवाईसी पूर्ण कराएं, जिससे वे शासकीय योजनाओं का लाभ उठा सकें।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक-01, नर्मदापुरम (म.प्र.)**

**:: निविदा आमंत्रण सूचना ::**

**निविदा सूचना क्र0 04/2025/e-Tender/N.Puram** दि0 21/03/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यो का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:-

| स. क्रं. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB_411178 | नर्मदापुरम | भवन कार्य | विधायक निधि के अंतर्गत बड़ा कुऑ के पास ग्राम सांगाखेड़ा कला (प्रेम नगर) विकासखंड माखन नगर, जिला नर्मदापुरम में मंगल भवन का निर्माण। | प्रथम | 4.24 | 8480/- |
| 2 | 2025_PWDRB_411179 | नर्मदापुरम | भवन कार्य | विधायक निधि के अंतर्गत खेड़ापति मंदिर के पास ग्राम सोमलवाड़ा कला विकासखंड नर्मदापुरम, जिला नर्मदापुरम में सार्वजनिक कक्ष का निर्माण। | प्रथम | 3.39 | 6780/- |
| 3 | 2025_PWDRB_411180 | नर्मदापुरम | भवन कार्य | 13 एम0पी0 एन0सी0सी0 परिसर नर्मदापुरम में जल आपूर्ति लाईन उपलब्ध कराना और बिछाने का कार्य। | पॉचवा | 3.05 | 6100/- |
| 4 | 2025_PWDRB_411182 | नर्मदापुरम | भवन कार्य | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग नर्मदापुरम के अंतर्गत पाटनी में मंगल भवन का निर्माण।(विधायक निधि) | तृतीय | 4.22 | 8440/- |
| 5 | 2025_PWDRB_411183 | नर्मदापुरम | भवन कार्य | शासकीय जी-14 आवास गुप्ता ग्राउंड नर्मदापुरम में मरम्मत कार्य। | चतुर्थ | 1.68 | 3360/- |
| | | | | योग (लाख में) | | 16.58 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 07/04/2025 सायं 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन0आई0टी0 एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफ0 डी0 आर0 एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही प्राप्त किए जावेंगे।

**कार्यपालन यंत्री**
**लो0नि0वि0संभाग नर्मदापुरम**

**जी/24743/24**

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

# सभी आंगनबाड़ी एवं स्कूल समय पर नियमित रूप से खुले : कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी

## उपार्जन केन्द्रों में प्रतिदिन हो रही गेहूं उपार्जन एवं भुगतान की जानकारी दी जाए
## 31 मार्च से पूर्व सभी कार्यालय ई ऑफिस सिस्टम से ही कार्य करें

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभागीय समय सीमा की बैठक में निर्देश दिए की जिले की सभी आंगनबाड़ी केन्द्र एवं स्कूल अवकाश के दिनों को छोड़कर समय पर नियमित रूप से खुले। सभी शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्कूलों में समय पर उपस्थित रहे। कमिश्नर श्री तिवारी ने जिला आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी को निर्देश दिए कि वह गेहूं उपार्जन केन्द्रों में प्रतिदिन की जा रही गेहूं खरीदी एवं किसानों को हो रहे भुगतान की जानकारी प्रतिदिन नियमित रूप से देना सुनिश्चित करें। कमिश्नर श्री तिवारी ने निर्देश दिए की सभी उपार्जन केन्द्रों में किसानों के लिए मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, छाया एवं बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह 31 मार्च से पूर्व अपने कार्यालय में ई ऑफिस सिस्टम प्रणाली को शुरू करवा दें एवं ई ऑफिस सिस्टम से ही कार्य करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने स्पष्ट हिदायत दी की किसी भी स्थिति में हार्ड कॉपी नहीं ली जाएगी। अत: कोई भी अधिकारी हार्ड कॉपी ना



भेजें। कमिश्नर श्री तिवारी ने मुख्यमंत्री मछुवारा समृद्धि योजना के तहत अब तक किए जा रहे कार्यों के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री मछुवारा समृद्धि योजना में शत् प्रतिशत दिए गए लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित कि जाए। उन्होंने झींगा पालन के कार्य में अपेक्षा के अनुरूप प्रगति न होने पर नाराजगी जाहिर की और निर्देश दिए कि समय सीमा में सभी कार्य सुचारू रूप से संचालित किए जाएं। उन्होंने जिला मत्स्य अधिकारी हरदा द्वारा अब तक दिए गए लक्ष्य के प्रति शत प्रतिशत प्रगति न लाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए जिला मत्स्य अधिकारी हरदा को अपने प्रदर्शन में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संयुक्त संचालक स्वास्थ्य विभाग डॉक्टर मनीष गर्ग को निर्देश दिए कि वे आयुष्मान आरोग्य भारत मिशन के तहत 70 प्लस व्यक्तियों के बनाए जा रहे हैं आयुष्मान कार्ड के कार्य में अपेक्षित प्रगति लाए। उन्होंने कहा कि अभी आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य धीमी गति से चल रहा है उसे और तेजी से बढ़ाए।

कमिश्नर श्री तिवारी ने सभी विभागों में कर्मचारियों को पात्रता अनुसार समय मान वेतन मान प्राथमिकता से दिए जाने एवं समय मान वेतनमान का अनुमोदन कोष एवं लेखा से कराकर एरियर्स की राशि देने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने जल जीवन मिशन के तहत किया जा रहे हर-घर नल कनेक्शन की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त की और कहां की प्रतिदिन किए जाने वाले नल कनेक्शन का कार्य जो धीमी गति से चल रहा है इसमें तेजी लाते हुए 31 मार्च तक और अपेक्षित प्रगति लाई जाए। उन्होंने अनु उपयोगी खुले बोरवेल एवं कूप के गडडो को बंद करने के निर्देश दिए और कहां की इससे यदि कोई संभावित दुर्घटना होती है तो संबंधित व्यक्ति पर नियम अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा "शिवरानी भवन", क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com